उज्जैन
शनिवार
29
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-295
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▶ इंदौर के रेस्टोरेंट में मोमोज में रेंगती मिलीं इल्लियां
7 ▶ एशिया कपः भारतीय पुरुष टीम का पहला मैच 28 सितंबर को



## जब जेल में बहनों ने बांधी संजय दत्त को राखी

### रक्षाबंधन पर बहनों को तोहफे में दिए थे चाय-नाश्ते के 2-2 रुपए के कूपन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्ते का त्योहार है। इस दिन बहन भाई की कलाई पर राखी बांधती है। भाई भी अपनी बहन को कुछ न कुछ गिफ्ट देता है, लेकिन संजय दत्त की जिंदगी में एक रक्षाबंधन ऐसा भी आया था, जब उनकी बहनों ने उन्हें जेल में राखी बांधी और उन्हें तोहफे में 2-2 रुपए के कूपन दिए थे। बात जुलाई 1994 की है। अवैध हथियार रखने के मामले में संजय दत्त की अंतरिम जमानत रद्द हो गई थी। इसके बाद उन्हें ठाणे सेंट्रल जेल भेज दिया गया। उन्हें जेल की सबसे कड़ी सुरक्षा वाली अंडा बैरक में रखा गया था। यहां खतरनाक अपराधियों और टाडा के आरोपियों को रखा जाता था।

## देश

- पीएम मोदी आज उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद के लिए निकल गए हैं। वह उज्बेकिस्तान और किर्गीजस्तान के चार दिवसीय दौरे पर हैं
- त्रिपुरा के पश्चिमी जिले में 5 सितंबर से एसआईआर शुरू, 23 दिसंबर को फाइनल लिस्ट जारी होगी
- राजौरी में एलओसी के पास संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन दिखे, सर्च ऑपरेशन शुरू
- सितंबर मध्य में विशेष सत्र संभवः कैबिनेट विस्तार के बाद परिसीमन पर होगा फैसला, पीएम के लौटने के बाद होगा मंथन?
- फ्री कोचिंगः योजनाओं को एक करने की तैयारी में केंद्र सरकार, अभी तय रोडमैप न होने से नहीं मिलता फायदा

## विदेश

- फ्रांस का बड़ा दांव, 2030 तक 30 हजार भारतीय छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बुलाने का लक्ष्य
- भारत को दुनिया की सबसे घातक जैवलिन मिसाइल देगा अमेरिका, जवान कंधे से दाग पाएंगे, 4 किमी तक की रेंज में टारगेट को खुद ढूंढ लेती है
- ट्रम्प ने कनाडा से जुड़ी झील का नाम बदला, 'लेक ओंटारियो' अब 'लेक अमेरिका' कहलाएगा, कनाडा बोला- हम पुराना नाम ही बोलेंगे

## व्यापार

- चांदी इस हफ्ते 2,738 रु. सस्ती, 2.44 लाख पर आई, सोना 1,042 घटकर 1.60 रु. पर आया
- मंथली इनकम अकाउंट से हर महीने 9,250 रु. तक की कमाई, पोस्ट ऑफिस की स्कीम में 7.4% सालाना ब्याज मिल रहा
- एआई प्रोफेसर सुन रहे स्टार्टअप आइडिया, 24 घंटे उपलब्ध, हार्वर्ड बिजनेस स्कूल का प्रयोग निवेशकों से मिलने से पहले सिखा रहे बिजनेस की बारीकियां
- दिल्लीवासियों को लगा महंगाई का झटका, फिर से महंगी हुई सीएनजी, आज से बढ़े हुए रेट पर मिलेगी गैस
- जम्मू-कश्मीरः तुर्किये से नजदीकी बढ़ा आतंकियों की फौज बना रहा पाकिस्तान, नवंबर-दिसंबर में बड़ी साजिश के इनपुट

## कार्टून..





# नेपाल में 2 झीलों से खतरा बरकरार

## एक से लगातार पानी रिस रहा, लापता लोगों का आंकड़ा 2500 हुआ, इसमें 320 भारतीय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ काठमांडू

नेपाल में बुधवार को आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन के बाद दो नई झीलें बनने से खतरा अभी टला नहीं है। इनमें से एक झील से लगातार पानी रिस रहा है, जबकि दूसरी का आकार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में अधिकारियों को फिर से बाढ़ या भूस्खलन का खतरा सता रहा है। नेपाल-चीन सीमा के पास भूस्खलन के बाद ये दोनों जलाशय बने हैं। इसी इलाके में बुधवार को अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई थी। तेज बहाव अपने साथ कीचड़, रेत, बजरी और बड़ी चट्टानें बहाकर नीचे के इलाकों में ले गया था। नेपाल और तिब्बत में मौत का आंकड़ा बढ़कर 633 हो गया है। वहीं लापता लोगों की संख्या करीब 2,500 हो गई है, जिनमें 320 भारतीय नागरिक शामिल हैं। इसके अलावा करीब 400 भारतीय तिब्बत में फंसे हुए हैं।

**प्रधानमंत्री राहत कोष में 4.38 अरब नेपाली रुपये जमा-** नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित लोगों की मदद के लिए बनाए गए प्रधानमंत्री राहत कोष में अब तक 4.38 अरब नेपाली रुपये जमा हो चुके हैं। यह रकम करीब 274 करोड़ भारतीय रुपए के बराबर है। शुक्रवार शाम 6:30 बजे तक यह पैसा नेपाल के नौ बैंकों में खोले गए राहत कोष के खातों में जमा किया गया था। इसके अलावा हिमालयन बैंक और लक्ष्मी बैंक में करीब 6.8 लाख अमेरिकी डॉलर भी जमा हुए हैं। यह रकम करीब 10.38 करोड़ नेपाली रुपये यानी लगभग 6.5 करोड़ भारतीय रुपए के बराबर है।



**भारत-चीन से 42 बेली ब्रिज बनाने की मदद मांगी-** नेपाल सरकार ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में सड़क और यातायात व्यवस्था फिर से शुरू करने के लिए भारत और चीन से 42 बेली ब्रिज बनाने में मदद मांगी है। नेपाल के विदेश मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, सरकार ने दोनों देशों को बताया है कि उसे कितने पुलों की जरूरत है। यह संख्या राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण के आकलन के आधार पर तय की गई है। बाढ़ में रसुवा, नुवाकोट और धादिंग के ज्यादातर पुल बह गए हैं। इससे इन इलाकों में लोगों और वाहनों की आवाजाही रुक गई है। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा था कि नेपाल को जरूरत पड़ने पर बेली ब्रिज समेत हर जरूरी मदद दी जाएगी।

### नेपाल में भूस्खलन से बनी 2 झीलों से बढ़ा खतरा

नेपाल के बाढ़ प्रभावित इलाके में हवाई तस्वीरों में एक दूसरी झील दिखाई दी है। इससे इलाके में फिर बाढ़ आने का खतरा बढ़ गया है। रॉयटर्स के मुताबिक, नेपाल के अधिकारी भूस्खलन से बनी दोनों झीलों पर नजर रख रहे हैं। इनमें एक झील से पानी बह रहा है, जबकि दूसरी झील में लगातार पानी बढ़ रहा है और उसका आकार पहली झील से भी बड़ा होता जा रहा है। दोनों झीलें नेपाल-चीन सीमा के पास उस इलाके में बनी हैं, जहां बुधवार को भीषण बाढ़ आई थी। बाढ़ के तेज पानी के साथ कीचड़, रेत, बजरी और बड़ी चट्टानें नीचे के इलाकों में बहकर आई थीं। अधिकारियों के मुताबिक, अभी तक झीलों और पानी के बहाव पर नजर रखने के लिए सैटेलाइट तस्वीरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अब नदी के निचले हिस्से में कैमरे और सेंसर लगाने की तैयारी है, ताकि पानी के स्तर में बदलाव का तुरंत पता चल सके। शुक्रवार को चीन ने भी पानी का स्तर बढ़ने के कारण राहत अभियान रोक दिया था। अधिकारियों को डर था कि झील का पानी बढ़ने से एक और बाढ़ या भूस्खलन हो सकता है। नेपाल में भी इसी खतरे को देखते हुए राहत कार्यों में देरी की गई।

## स्ट्रोक के मरीजों के लिए बोटुलिनम इंजेक्शन से इलाज की नई उम्मीद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

स्ट्रोक, पैरालिसिस और लकवे के बाद हाथ-पैर में जकड़न व मांसपेशियों के असामान्य रूप से खिंचाव की समस्या से जूझ रहे मरीजों के लिए बोटुलिनम टॉक्सिन इंजेक्शन उपचार का एक महत्वपूर्ण विकल्प हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, उचित मरीजों में इसका उपयोग मांसपेशियों की जकड़न कम करने और पुनर्वास को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।

चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि इस उपचार को लेकर मरीजों और आम लोगों में जागरूकता की कमी है। सही समय पर विशेषज्ञ की सलाह और फिजियोथेरेपी के साथ उपचार मिलने से कई मरीज अपनी दैनिक गतिविधियों में अधिक स्वतंत्रता हासिल कर सकते हैं। विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की है कि स्ट्रोक के बाद हाथ-पैर में लगातार जकड़न या अकड़न की समस्या होने पर न्यूरोलॉजिस्ट या रिहैबिलिटेशन विशेषज्ञ से परामर्श लें। हालांकि, बोटुलिनम हर स्ट्रोक मरीज के लिए जरूरी या उपयुक्त नहीं होता; इसका निर्णय चिकित्सकीय जांच के बाद ही किया जाना चाहिए।

# भागवत न्यूयॉर्क में दुनिया के पहले इस्कॉन मंदिर पहुंचे

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा- विश्व में कई तरह के संघर्ष, कृष्ण चेतना से ही शांति आ सकती है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यूयॉर्क

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क में दुनिया के पहले इस्कॉन सेंटर का दौरा किया। मंदिर में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज दुनिया में कई तरह के संघर्ष हैं। ऐसे समय में कृष्ण चेतना शांति ला सकती है।

उन्होंने कहा कि दुनिया में भले ही अलग-अलग तरह की विविधताएं, मतभेद और संघर्ष हों, लेकिन अगर लोगों को यह समझ आने लगे कि सब कुछ कृष्ण का ही हिस्सा है, तो दुनिया में बेहतर और शांतिपूर्ण माहौल बनाया जा सकता है।

भागवत 26 सेकंड एवेन्यू स्थित उस जगह पर भी पहुंचे, जहां स्वामी प्रभुपाद ने जुलाई 1966 में इस्कॉन की स्थापना की थी। इसे मैचलैस गिफ्ट्स भी कहा जाता है। इस्कॉन इस साल अपनी स्थापना की 60वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस्कॉन के 120 देशों में 1,300 मंदिर हैं।



### आज मैडिसन स्क्वायर में भागवत का कार्यक्रम

आरएसएस प्रमुख 25 अगस्त को न्यूयॉर्क पहुंचे थे। वे आरएसएस के 100 साल पूरे होने के मौके पर तीन देशों, अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन दौरे पर हैं। इस दौरान वे भारतीय समुदाय और अलग-अलग संगठनों के कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले हैं। भागवत 29 अगस्त को न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम आरएसएस के 100 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों का हिस्सा है। अमेरिकन हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग फोरम आयोजक है। कार्यक्रम में भागवत का संबोधन भी होगा।

- **61 संगठनों ने कार्यक्रम को विरोध किया, रद्द करने की मांग-** भागवत के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में होने वाले कार्यक्रम का विरोध भी हो रहा है। अमेरिका के कई हिंदू संगठनों समेत 61 इंटरफेथ और धर्मनिरपेक्ष संगठनों ने कार्यक्रम के खिलाफ खुला पत्र जारी किया है। मंगलवार को हिंदूस फॉर ह्यूमन राइट्स, इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल और इंटरफेथ सेंटर ऑफ न्यूयॉर्क समेत कई संगठनों ने न्यूयॉर्क सिटी हॉल के बाहर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इन संगठनों ने कार्यक्रम को रद्द करने की मांग की है।
- **न्यूयॉर्क मेयर ने कहा था- लोगों को बांटने वाली सोच के खिलाफ हूं-** न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी भी कार्यक्रम को लेकर अपनी असहमति जता चुके हैं। उन्होंने आरएसएस को बांटने वाली सोच वाला बताया। ममदानी ने कहा कि वह आरएसएस के इस कार्यक्रम का समर्थन नहीं करते। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि निजी तौर पर आयोजित कार्यक्रम को रद्द करने का अधिकार शहर प्रशासन के पास है या नहीं।

## पेपर लीक रोकने के लिए परीक्षा सिस्टम बदलने की तैयारी

### नीलेकणि टास्क फोर्स ने लोगों से सुझाव मांगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार की छह सदस्यीय हाई-पावर्ड टास्क फोर्स ने सार्वजनिक परीक्षाओं में व्यापक सुधार के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, शैक्षणिक संस्थानों और नागरिक संगठनों से भी राय मांगी गई है। इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता वाली यह टास्क फोर्स खास तौर पर एनटीए की परीक्षाओं के संचालन, सुरक्षा, परीक्षा डिजाइन और व्यवस्था में सुधार पर काम कर रही है।

केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय के मुताबिक, टास्क फोर्स का लक्ष्य परीक्षा व्यवस्था को सुरक्षित, पारदर्शी, निष्पक्ष और भविष्य के लिए तैयार बनाना है।

इसमें परीक्षा में गड़बड़ी रोकने, संस्थागत व्यवस्था मजबूत करने, तकनीक के इस्तेमाल और छात्रों की परेशानियां कम करने जैसे मुद्दों पर सुझाव लिए जा रहे हैं। सुझाव 13 सितंबर तक अंग्रेजी, हिंदी या क्षेत्रीय भाषाओं में दिए जा सकते हैं। इसके लिए सरकार ने वेबसाइट, फोन, वॉट्सऐप और ईमेल के जरिए सुझाव भेजने की व्यवस्था की है। इन सुझावों के आधार पर टास्क फोर्स सरकार को परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए अपनी सिफारिशें देगी। केंद्र ने नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता में टास्क फोर्स जुलाई में बनाई थी। इसका गठन जंतर-मंतर पर पेपर लीक के आरोपों और परीक्षा व्यवस्था में बदलाव की मांग को लेकर हुए छात्रों के विरोध के बीच किया गया था।

## बिलासपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग के वक्त विमान का टायर फटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान विमान का टायर फट गया। शुक्रवार दोपहर अलायंस एयर की फ्लाइट जब दिल्ली से बिलासपुर पहुंची तभी यह हादसा हुआ। विमान की सुरक्षित लैंडिंग करा ली गई। विमान में सवार सभी 37 यात्री और 4 क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। इसी फ्लाइट को बिलासपुर से प्रयागराज जाना था, लेकिन एयरपोर्ट प्रबंधन ने उसे कैंसिल कर दिया है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने जानकारी दी कि विमान के लेफ्ट (बाएं) साइड का टायर पंचर हुआ था। जानकारी के मुताबिक, रनवे पर लैंडिंग के बाद विमान दौड़ रहा था, तभी टायर फटने की आवाज सुनकर यात्री दहशत में आ गए। हालांकि, पायलट ने स्थिति को संभालते हुए विमान को सुरक्षित रोक लिया।



### जियो के आईपीओ को सेबी की मंजूरी

## 27 करोड़ नए शेयर जारी करेगी कंपनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की डिजिटल और टेलीकॉम ब्रांच, जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के आईपीओ को मार्केट रेगुलेटर सेबी से मंजूरी मिल गई है। सेमबी ने 28 अगस्त को इसकी जानकारी दी।

इसके साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के ऑफिशियल पोर्टल पर भी जियो के ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रोस्पेक्टस का स्टेटस 'अप्रूव्ड' दिखाने लगा है। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि आईपीओ मार्केट में कब आएगा। लेकिन, जानकारों का अनुमान है कि दीपावली के आसपास इसे लॉन्च किया जा सकता है।

**बाजार में आएगा सबसे बड़ा आईपीओ**

इसी साल 19 जून को रिलायंस इंडस्ट्रीज की 49वीं सालाना बैठक में कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने ऐलान किया था कि कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ भी लाने जा रही है। उन्होंने बताया था कि कंपनी 27 करोड़ नए शेयर जारी करेगी और आईपीओ के जरिए करीब 4 बिलियन डॉलर यानी 37,700 करोड़ जुटाने की योजना है।

यह भारत का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ बन सकता है। हालांकि शेयरों की कीमत क्या रहेगी, इसकी जानकारी नहीं दी गई थी। इस आईपीओ का ऐलान पिछले साल की एजीएम में भी किया गया था, लेकिन अमेरिका-ईरान जंग की वजह से इसे टाल दिया गया।

ईशा अंबानी ने कहा था कि रिलायंस रिटेल का ग्राहक आधार लगातार बढ़ रहा है और रजिस्टर्ड ग्राहकों की संख्या 38.7 करोड़ तक पहुंच गई है। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी ने 1.93 अरब ट्रांजैक्शन किए, जो एक साल पहले के मुकाबले 39% ज्यादा हैं। स्मार्ट बाजार नेटवर्क ने 1,000 स्टोर्स का आंकड़ा पार कर लिया है।

## यूपी के 47 जिलों में बारिश का अलर्ट

### ओडिशा में 67 हजार लोग बाढ़ से प्रभावित, राजस्थान के 15 जिलों में तापमान 35 डिग्री पार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

यूपी, बिहार सहित देश के 4 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट है। उत्तर प्रदेश के 47 शहरों में आंधी-बारिश की संभावना है। ओडिशा के तीन जिलों में 67,000 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं, वहीं मौसम विभाग ने राज्य के उत्तरी और तटीय क्षेत्रों में 2 सितंबर तक भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है, जिससे स्थिति और खराब हो सकती है। वहीं, बिहार में गंगा और गंडक नदियां खतरे के निशान से ऊपर हैं। यहां 50 हजार से ज्यादा घर पानी में डूबे हैं। उधर, हिमाचल प्रदेश में 67 सड़कें बंद हैं। राजस्थान में मानसून आने के बाद ऐसा पहला दिन था, जब राज्य में कहीं बारिश नहीं हुई। अलवर समेत 15 शहरों का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ।






### 22000 करोड़ के ऋण समाधान पर विवाद

## जी समूह ने मुकेश अंबानी पर लगाए आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एस्सेल ग्रुप के अध्यक्ष सुभाष चंद्रा ने रिलायंस समूह के मुखिया मुकेश अंबानी पर कई सनसनीखेज आरोप लगाए। उन्होंने कहा, अंबानी के मीडिया समूह टीवी18 के चैनल सीएनबीसी ने नेशनल कंपनी लॉ ट्राइब्यूनल (एनसीएलटी) में 22,000 करोड़ रुपये का लोन 6.5 करोड़ में सेटल करने का झूठ देश में फैलाया। चंद्रा ने यह आरोप भी लगाया कि मुकेश अंबानी ने 2019 में जी समूह में समस्या शुरू होने के बाद एक निवेशक इन्वेस्को के साथ मिलकर जी को हड़पना चाहा।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रवक्ता ने देर रात बयान जारी कर चंद्रा के आरोपों को पूरी तरह गलत बताया। प्रवक्ता ने कहा, समूह के मीडिया चैनल किसी के खिलाफ अभियान नहीं चलाते और न कभी चलाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि समूह बिजनेसमैन सुभाष चंद्रा की इज्जत करता है और बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं देता है। वहीं, चंद्रा ने कहा, मुकेश जी, मेरे पास खोने के लिए अब कुछ नहीं है लेकिन आपकी अलमारी में भी कई कंकाल हैं। आप मुझे निशाना बनाएंगे तो मैं खुद को बचाऊंगा। चंद्रा ने आरोप लगाया, मेरे समूह में जब जनवरी, 2019 में समस्या शुरू हुई, मुकेश अंबानी के लोगों ने ही एक दिन में जी के शेयर 40% तोड़े थे। फिर भी मैं मुकेश अंबानी के पास गया और कहा कि आप जी खरीद लो क्योंकि मुझे तो कर्ज चुकाना है।

### चंद्रा पर ट्वीट से हर्ष गोयनका भी चर्चा में

- देश के जाने-माने उद्योगपति हर्ष गोयनका ने बृहस्पतिवार को सुभाष चंद्रा के बारे में विजय माल्या के ट्वीट को साझा कर अन्य कंपनियों को एनसीएलटी से मिली छूट का डाटा दिया और बैंकिंग प्रणाली पर सवाल उठाए।
- शुक्रवार को उन्होंने सुभाष चंद्रा की ओर से जारी स्पष्टीकरण का वीडियो साझा कर कहा कि उनका पक्ष भी सुना जाना चाहिए। गोयनका ने कहा, 22,000 करोड़ की बात पूरी तरह गलत समझी गई थी।

### आप क्यों बैंक का पैसा ब्याज समेत चुकाते हो

चंद्रा ने कहा, 2019 में मैं मुकेश अंबानी से जी को खरीदने का प्रस्ताव लेकर मिला था तब उन्होंने एक हितैषी की तरह कहा, सुभाष जी आप क्यों इतना ब्याज समेत बैंकों के पैसे चुकाते हो, कोई नहीं चुकाता। चंद्रा ने कहा, मुकेश जी कृपया मेरे और मेरे समूह के खिलाफ गलत प्रचार रोकिए। हमारे समूह पर 45 हजार करोड़ का कॉरपोरेट कर्ज था लेकिन हमने उसमें से 43 हजार करोड़ रुपये चुका दिए हैं।

## खबर एक नजर...

### शिप्रा तट पर एक हजार से अधिक ब्राह्मणों ने किया श्रावणी उपाकर्म, वैदिक मंत्रों के साथ बदली जनेऊ

**उज्जैन।** श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को मोक्षदायिनी शिप्रा तट पर श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के जनेऊधारी ब्राह्मणों और बटुकों ने श्रावणी उपाकर्म किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिप्रा नदी में स्नान कर एक हजार से अधिक विप्रजनों ने पुरानी जनेऊ उतारकर नूतन यज्ञोपवीत धारण किया। श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज कार्तिक चौक के अध्यक्ष उत्तम दुबे ने बताया कि अलग-अलग समय में हुए इस अनुष्ठान में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। आचार्य पुनीत मेहता और शिप्रा वल्लभ मेहता ने वैदिक विधान से पूजा संपन्न कराई। इस दौरान ब्राह्मणों ने अपने पितरों का तर्पण किया तथा भगवान गणेश, विष्णु, सप्तऋषि और माता अरुंधती का पूजन किया गया। यज्ञोपवीत बदलने के लिए हेमाद्रि कर्म किया गया। इसमें शुद्धि स्नान और प्रायश्चित का संकल्प लेते हुए जाने-अनजाने में हुए समस्त दोषों से मुक्ति की प्रार्थना की गई। धार्मिक मान्यता है कि इस कर्म से देवता और पितर प्रसन्न होते हैं। श्रावणी पर्व ब्राह्मणों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन आत्मशुद्धि, प्रायश्चित और वेदों के अध्ययन का संकल्प लिया जाता है। समाज द्वारा प्रतिवर्ष रक्षाबंधन पर शिप्रा तट पर यह परंपरा बड़े स्तर पर निभाई जाती है।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व मिलने पर महंत मायादेवी ने जताया शीर्ष नेतृत्व का आभार

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ नारी शक्ति महिला विभाग की राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त होने पर शहर की महंत मायादेवी साहेब ने संस्था के शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया है। महंत मायादेवी साहेब ने उन पर विश्वास जताने और यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने के लिए गुरुदेव बापू महंत चूड़ामणि साहेब, महंत राधाकिशन साहेब, राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व डिप्टी कमिश्नर फकीरचंद भगत साहेब, राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार व भारत सरकार के सामाजिक न्याय बोर्ड के सदस्य अशोक कुमार सहित अन्य शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद ज्ञापित किया है। आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि वे पूर्ण निष्ठा, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करेंगी। संगठन को अधिक सशक्त बनाने के साथ ही सद्गुरु कबीर साहेब के विचारों से राष्ट्र सेवा और कबीर पंथ को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करेंगी। उन्होंने संकल्प लिया कि संगठन की सेवा, राष्ट्रहित और सद्गुरु कबीर पंथ को सदैव सर्वोपरि रखते हुए पूरी ईमानदारी और कर्मठता से काम करना ही उनका ध्येय होगा।

### महाकाल भक्तों के लिए माहभर चला निशुल्क अन्नक्षेत्र

**उज्जैन।** पवित्र सावन माह में भगवान महाकालेश्वर के दर्शन के लिए आने वाले कावड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास द्वारा संचालित 30 दिवसीय निशुल्क अन्नक्षेत्र का समारोहपूर्वक समापन हो गया। लगातार 7वें वर्ष आयोजित इस महाभंडारे में प्रतिदिन हजारों भक्तों को भोजन प्रसादी वितरित की गई।

न्यास के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान और निशुल्क भोजन सेवा समिति के अध्यक्ष राजकुमार झंझोट ने बताया कि कावड़ यात्रियों के लिए यह सेवा 30 जुलाई से शुरू की गई थी। पूरे सावन माह प्रतिदिन अलग-अलग व्यंजन परोसे गए। इनमें दाल-बाफले, सब्जी-पूरी, सूजी का हलवा, जलेबी, खिचड़ी, मिक्स वेज पुलाव सहित अन्य सामग्री शामिल रही। समापन समारोह में महामंडलेश्वर श्री 1008 विजय रामदास जी महाराज, श्री 1008 विजय नाथ योगी जी महाराज, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल जाटव, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, हिंदूवादी नेता रूपेश ठाकुर, बाल विजय स्कूल संचालक अरुण पांडे, सरकारी अधिवक्ता संजय गोयल, पार्षद इमरान खान, लीला वर्मा, इंदिरा नगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आनंदी मीणा और जीवाजीगंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक लाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### युवा पीढ़ी उन खेलों में भी समर्थ बने जो हमारे यहां नहीं खेले जाते

**उज्जैन।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में ह्यखेलो इंडिया डायलॉग प्रधानमंत्री मोदी के साथह्ण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हाउसिंग बोर्ड के चेयरमेन ओम जैन ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी उन खेलों को खेलने में भी समर्थ बने जो हमारे यहां नहीं खेले जाते। उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी के बाद भी हमारे पूर्वजों ने सृजन कर खेल के संसाधन निर्मित किए।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित द्रोणाचार्य एवं विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित मलखंब खिलाड़ी योगेश मालवीय ने कहा कि युवा पीढ़ी को क्षमतावान बनाने के लिए उनके सुझाव मांगे जा रहे हैं और विचार साझा किए जा रहे हैं। युवाओं को इस अवसर का लाभ लेना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हरीश व्यास ने कहा कि खेल हमें संघर्ष करना, गिरना और उठकर संभलना सिखाता है। इस अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का स्मरण किया गया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत प्रो. हरीश व्यास, क्रीड़ा अधिकारी संजीत राय और शैलेष दुबे ने किया। कार्यक्रम का संचालन डा. शशि जोशी ने किया।

# 66 आराधकों ने एकासना व्रत के साथ किया 13 लाख जाप

## नमक मंडी में नौ दिन तक चला आराधना का दौर, नवकार मंत्र से नष्ट होते हैं 500 सागरोपम पाप - साध्वी रिद्धि निधि श्रीजी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ उज्जैन के तत्वावधान में श्री राजेंद्र सूरी जैन ज्ञानमंदिर नमक मंडी में चल रही नौ दिवसीय नवकार मंत्र आराधना शुक्रवार 28 अगस्त को पूर्ण हुई। इस दौरान 66 आराधकों ने सामूहिक रूप से तेरह लाख नवकार महामंत्र का जाप किया।

यह आराधना गच्छाधिपति आचार्य श्रीमद विजय नित्यसेन सूरीश्वर जी की प्रेरणा और गुरुवर्या साध्वी श्री अनंतदृष्टा श्रीजी व साध्वी श्री मयूरकला श्रीजी की सुशिष्या साध्वी श्री रिद्धि निधि श्रीजी आदि ठाना 6 की निश्रा में 20 से 28 अगस्त तक आयोजित की गई। आराधकों ने एकासना व्रत के साथ सफेद वस्त्र पहनकर प्रतिदिन तीन-तीन सामायिक, देव वंदन, चैत्यवंदन, गुरु वंदन, पूजन और प्रतिक्रमण सहित अन्य धार्मिक क्रियाएं कीं। नवकार आराधक नरेंद्र तल्लेरा ने प्रतिदिन विधिवत धर्म आराधना करवाई।

आराधना के शुभारंभ पर पंच परमेष्ठी नवकार महामंत्र और दादा गुरुदेव राजेंद्र सूरीश्वर जी के चांदी के पट्ट, पुण्य सम्राट जयंतसेन सूरीश्वर जी की प्रतिमा तथा चांदी के नारियल की स्थापना कर नौ दिवसीय अखंड ज्योत जलाई गई। आराधकों ने प्रतिदिन प्रभु का स्नात्र, केसर पूजन और अष्टप्रकारी पूजा कर अखंड ज्योत के समक्ष नवकार महामंत्र की 20 माला का जाप किया।

संजय कुमार सुशीला देवी रमणिकलाल कोठारी परिवार ने आराधना के शुभारंभ पर श्रीसंघ को तीन चांदी के नारियल भेंट किए। वहीं प्रतापचंद चांदमल मेहता परिवार ने श्री राजेंद्र सूरीश्वर जी का रजत पट्ट भेंट किया। नौ दिवसीय सामूहिक एकासने का संपूर्ण लाभ शरद कुमार सुशीला देवी रमणिक लाल कोठारी परिवार ने लिया। जानकारी देते हुए वीरेंद्र गोलेचा ने बताया कि इस शाश्वत आराधना की शुरूआत 66 वर्ष पूर्व पुण्य सम्राट श्रीमद् विजय जयंतसेन सूरीश्वर जी गुरुदेव ने की थी, जो प्रतिवर्ष देशभर में आयोजित होती है।

# मालवी संस्कृति और सावन के लोकगीतों पर हुआ गहन मंथन

## संस्कार भारती के 'कला विमर्श' में मालवी बोली में हुई चर्चा, महिलाओं ने गाए मल्हार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



संस्कार भारती महानगर की ओर से सावन माह में मालवी लोक संस्कृति पर आधारित मासिक संगोष्ठी 'कला विमर्श' का आयोजन माधव नगर स्थित भारतीय ज्ञानपीठ विद्यालय परिसर में किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य विषय मालवा में सावन के पर्व एवं गीतों की परंपरा रहा। आयोजन की बड़ी विशेषता यह रही कि संपूर्ण विमर्श मालवी बोली में ही हुआ, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साह से भाग लेकर इसे पारिवारिक उत्सव का रूप दे दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। कुलदीप दुबे ने संस्कार भारती का ध्येय गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत लोककला विभाग संयोजिका डॉ. पल्लवी किशन और इंजीनियर प्रतिभा रघुवंशी ने किया। डॉ. पल्लवी किशन ने कार्यक्रम की भूमिका रखी।

मुख्य वक्ता साहित्यकार डॉ. शिव चौरसिया ने मालवी लोकगीतों की शास्त्रीयता, कजरी, मल्हार, हिंडोला गीत और उज्जैन की खान-पान परंपरा पर विचार रखे। शिखर सम्मान से अलंकृत वरिष्ठ लोक कला साधिका कृष्णा वर्मा ने नागपंचमी, कजरी तीज और रक्षाबंधन जैसे पर्वों में महिलाओं के उल्लास, परिधानों और रीति-रिवाजों का सुंदर वर्णन किया। साहित्यकार माया बदेका ने मालवी मुहावरों, कहावतों और आंचलिक मान्यताओं के जरिए सावन के पर्वों के लोक-दर्शन को श्रोताओं के सामने रखा।

**सावणी मल्हार से गूंजा प्रेक्षागृह**

शंका-समाधान सत्र के बाद मालिपुरा से आईं पारु बेन, हेमा बेन सोलंकी, विद्या डोडिया, गोदावरी बारोड़, कृष्णाबेन और मालती बारोड़ ने पारंपरिक मालवी लोकगीतों की जीवंत प्रस्तुति देकर प्रेक्षागृह को सावणी मल्हार से सराबोर कर दिया। इसके बाद प्रीति देवले, कुलदीप दुबे और सुधा गुप्ता ने भी लोक गायन की प्रस्तुतियां दीं। गायन में अजय गांगोलिया, विजय गांगोलिया और सूरज चक्रावदिया ने संगत दी।

महामंत्री दुगार्शंकर सूर्यवंशी ने मालवी बोली में कार्यक्रम का संचालन किया। प्रांत साहित्य विधा प्रमुख जीवनप्रकाश आर्य ने कल्याण मंत्र के साथ आयोजन का समापन किया। मीडिया प्रमुख जयंत तेलंग ने बताया कि वरिष्ठ कला-साधकों और बच्चों की एक साथ मौजूदगी से नई पीढ़ी को मालवी लोक-

### मल्लखंब फेडरेशन की एडहॉक कमेटी पुनर्गठित, पुरानी कमेटी भंग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

खेल मंत्रालय ने मल्लखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया की पुरानी एडहॉक कमेटी को भंग कर इसका पुनर्गठन किया है। मंत्रालय के अंडर सेक्रेटरी द्वारा 27 अगस्त 2026 को जारी आदेश के अनुसार, नई दो सदस्यीय कमेटी में भारतीय खेल प्राधिकरण की डिप्टी डायरेक्टर जनरल मंजूश्री दयानंद और ओलंपियन एमएम सोमय्या को शामिल किया गया है। इस कमेटी को तीन माह के भीतर फेडरेशन का नया संविधान बनाकर चुनाव कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पूर्व में 5 फरवरी 2026 को खेल मंत्रालय ने द्रोणाचार्य अवॉर्डी योगेश मालवीय और रिटायर्ड अधिकारी सत्यजीत संक्रित की दो सदस्यीय एडहॉक कमेटी बनाई थी। बताया जा रहा है कि इस कमेटी ने चुनाव कराने की दिशा में कोई सक्रिय कदम नहीं उठाया। इसके अलावा देश भर के मल्लखंब पदाधिकारियों ने खेल मंत्रालय से शिकायत की थी कि योगेश मालवीय भेदभावपूर्ण तरीके से फेडरेशन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन पर नॉर्थ-ईस्ट के कुछ राज्यों से रुपए लेकर मान्यता देने के भी गंभीर आरोप लगे थे। मंत्रालय द्वारा कराई गई गोपनीय जांच के बाद पुरानी कमेटी का कार्यकाल नहीं बढ़ाया गया और नए सदस्यों को जिम्मेदारी सौंप दी गई। मप्र मल्लखंब एसोसिएशन के सचिव ओमप्रकाश त्रिवेदी ने मंत्रालय के इस कदम की सराहना की है। उन्होंने बताया कि इस निर्णय से आगामी समय में मल्लखंब फेडरेशन का पुनर्गठन होगा और भारत सरकार से फिर मान्यता मिलने का रास्ता साफ होगा। विवादों के कारण पिछले कुछ समय से जो प्रतियोगिताएं रुक गई थीं, वे अब फिर से शुरू हो सकेंगी, जिससे खिलाड़ियों को सीधा लाभ मिलेगा। नई एडहॉक कमेटी मल्लखंब के कामकाज का प्रबंधन करेगी, जिसमें अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए एथलीटों का चयन करना भी शामिल है। इसके अलावा, नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस एक्ट 2025 के तहत फेडरेशन के संविधान में संशोधन कर नई कार्यकारिणी के चुनाव कराए जाएंगे।

# उज्जैन के खिलाड़ियों ने जीते 5 स्वर्ण और 1 रजत पदक

## लगातार दूसरे वर्ष मिली सफलता, छह में से पांच कैटेगरी में उज्जैन रहा अव्वल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



शहर के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्जैन का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन से छह में से पांच कैटेगरी में स्वर्ण और एक कैटेगरी में रजत पदक हासिल कर शहर का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वनाधि चौधरी, अद्विका सिंह, आशी यादव, अर्पण, आदर्श, लविन, नित्या, मनस्वी, अनुजा, वर्णिका, जयादित्य, शिवांश, तनिष्क, पार्थ, हर्ष और आराध्य ने उज्जैन के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं तोशी, धैर्या तथा रूतवी ने अपने शानदार खेल से रजत पदक अपने नाम किया।

कोच योगेश बंदेवार के प्रशिक्षण में लगातार दूसरे वर्ष उज्जैन ने पांच स्वर्ण पदक प्राप्त करने की उपलब्धि हासिल की है। योगेश बंदेवार एवं ऋतु शर्मा द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिला। आयोजन में मुख्य अतिथि उज्जैन डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन (यूडीबीए) के कोषाध्यक्ष अश्विन शर्मा

### 31 अगस्त से होगी श्री राम विवाह कथा, 2 सितंबर को निकलेगी राजसी सवारी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मित्रता के साक्षी श्री कृष्ण-सुदामा धाम नारायणा में जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियां प्रशासन और मंदिर समिति ने शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की धाम के प्रति विशेष आस्था है और वे प्रतिवर्ष आयोजन में शामिल होते हैं। मंदिर प्रशासक अजय हिंगे, महिदपुर एसडीएम और मंदिर समिति के सदस्यों की लगातार बैठकें हो रही हैं। डॉ. दुर्गा शंकर पांचाल बांदका ने बताया कि श्रावण पूर्णिमा से शुरू होने वाले इस महोत्सव का समापन जन्माष्टमी की मध्यरात्रि 12 बजे महाआरती और महाप्रसादी वितरण के साथ होगा। आयोजन के दौरान संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिदिन रात में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। महोत्सव के तहत 31 अगस्त से 4 सितंबर 2026 तक अयोध्या वासी संत मीरा दीदी के मुखारविंद से श्री राम विवाह महोत्सव कथा का आयोजन किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री के क्षेत्र उज्जैन दक्षिण के लखन पोरवाल बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा देवास के जिला प्रभारी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से संगठनात्मक कार्यों के लिए जिला प्रभारियों की घोषणा की है। इसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के विधानसभा क्षेत्र उज्जैन दक्षिण से लखन हरिओम पोरवाल को पिछड़ा वर्ग मोर्चा का देवास जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यालय मंत्री रामबाबू यादव द्वारा जारी पत्र के अनुसार, नवनियुक्त प्रभारियों को कई महत्वपूर्ण संगठनात्मक कार्य सौंपे गए हैं। इन कार्यों में आधिकारिक ओबीसी सूची के आधार पर जातियों की संख्या, भाजपा के वरिष्ठ प्रमुख ओबीसी नेताओं की विवरणी, सरकार एवं संगठन में नेताओं की भागीदारी, प्रतिनिधित्व से वंचित जातियों की जानकारी, प्रदेश सूची में शामिल लेकिन केंद्रीय सूची से बाहर जातियों का विवरण और ओबीसी सांसदों तथा विधायकों की जातिवार सूची तैयार करना शामिल है। इसके अलावा ओबीसी समाज के महापुरुषों की सूची व उनकी जयंती-पुण्यतिथि का विवरण बनाने तथा मध्यप्रदेश की वर्तमान व आगामी चुनौतियों का विवरण तैयार कर संगठन को जानकारी उपलब्ध कराने का दायित्व भी प्रभारियों को दिया गया है।

#### अमर शहीद बलराम जोशी की प्रतिमा को बांधी राखी

## मुख्यमंत्री से की अमर शहीद बलराम जोशी वीरता पुरस्कार शुरू करने की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर उज्जैन के फ्रीगंज स्थित शहीद पार्क में देशभक्ति और श्रद्धा का अनूठा नजारा देखने को मिला। यहां कारगिल युद्ध के वीर सपूत अमर शहीद बलराम जोशी की प्रतिमा को महामंडलेश्वर गुरु मां आनंदमयी पुरी ने राखी बांधी। इस अवसर पर देश की सीमाओं पर तैनात रहकर देश की रक्षा करने वाले सभी जवानों की दीर्घायु की कामना की गई। शहीद को रक्षासूत्र बांधने और उन्हें नमन करने के लिए पार्क में बड़ी संख्या में शहरवासी पहुंचे।

कारगिल युद्ध के समय जब पूरा देश राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर पाकिस्तान के खिलाफ खड़ा था, तब उज्जैन के वीर जवान बलराम जोशी ने अद्वितीय शौर्य का परिचय दिया था। उन्होंने नाल चौकी पर अनेक दुश्मनों को धूल चटाते हुए मां भारती के चरणों में अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। 11 जुलाई 2000 को वीरगति प्राप्त करने वाले अमर शहीद बलराम जोशी अपनी तीन बहनों के इकलौते भाई थे। उनकी शहादत को चिरस्थायी बनाने के लिए प्रतिवर्ष रक्षाबंधन, उनके जन्मदिन और 11 जुलाई को शहीद दिवस के अवसर पर शहीद पार्क में बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन आयोजनों में उज्जैन के नागरिक भारी संख्या में एकत्रित होकर अपने नायक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

#### सर्वसम्मति से बनी 10 सदस्यीय कार्यकारिणी

## तिरुपति गोल्ड कॉलोनी में रहवासी सोसायटी का गठन, यादव अध्यक्ष

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पंचक्रोशी मार्ग स्थित तिरुपति गोल्ड कॉलोनी में नागरिक सुविधाओं और विकास कार्यों को गति देने के लिए रहवासियों ने एक नई सोसायटी का गठन किया है। मंदिर परिसर उद्यान में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से इसका नाम 'तिरुपति हनुमान हाउसिंग सोसायटी' तय किया गया। जानकारी देते हुए हेमंत सेन ने बताया कि सोसायटी के पंजीयन और शासकीय विभागों से जुड़े आवश्यक कार्यों के लिए 10 सदस्यीय पदाधिकारियों का चयन किया गया है।

बैठक के दौरान कॉलोनी के उपस्थित रहवासियों ने विकास, रखरखाव, साफ-सफाई, सुरक्षा, स्ट्रीट लाइट, सड़क, नाली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। इस समिति में कॉलोनी की तीनों गलियों को समान प्रतिनिधित्व दिया गया है। चर्चा के उपरांत सभी रहवासियों ने महादेव और हनुमान की आरती भी की। बैठक में सर्वसम्मति से चुनी गई कार्यकारिणी में संतोष यादव को अध्यक्ष, प्रिया ठाकुर तथा प्रमोद चौधरी को उपाध्यक्ष, जितेन्द्र गुथेनिया को सचिव, शोभा सेन को संयुक्त सचिव एवं गोकुल मालवीय को कोषाध्यक्ष चुना गया है।

#### पार्श्व गायक मुकेश की 50वीं पुण्यतिथि पर गूंजे सदाबहार नगमे, 150 गायकों ने दी स्वरांजलि

# महेश मोयल को मिला स्वर सम्राट मुकेश शिखर सम्मान

### 25 से अधिक संस्थाओं के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



ठहाका सम्मेलन समिति द्वारा पार्श्व गायक मुकेश की 50वीं पुण्यतिथि पर कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह 11 बजे से देर रात तक चले इस आयोजन में 25 से अधिक संगीत संस्थाओं के 150 से ज्यादा गायकों ने मुकेश के लोकप्रिय व सदाबहार गीत गाकर उन्हें भावपूर्ण स्वरांजलि दी।

ठहाका सम्मेलन समिति के संस्थापक-संयोजक डॉ. महेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में गायक महेश मोयल को उनकी उल्लेखनीय संगीत साधना के लिए स्वर सम्राट मुकेश शिखर सम्मान 2026 से नवाजा गया। इसके साथ ही संध्या गढ़वाल, मन्नू मास्टर, गौरीशंकर दुबे, गोपाल शिंदे, मुकेश शिंदे और मुकेश गौड़ सहित अन्य प्रतिष्ठित गायकों व संगीत संस्थाओं का भी सम्मान किया गया। आयोजन में उज्जैन के अलावा महिदपुर, उन्हेल, नागदा, रतलाम, बड़नगर, तराना, कायथा, देवास और इंदौर से आए कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर शैलेशानंद गिरी थे और अध्यक्षता कपिल यार्दे ने की। विशेष अतिथि के रूप में मुकेश यादव, अमित श्रीवास्तव, रवि राय, दीपक बेलानी और संजय यादव उपस्थित रहे। आयोजन में शहर के अनेक प्रतिष्ठित गायकों और संगीत प्रेमियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आयोजन को सफल बनाने में समिति के संस्थापक व संयोजक डॉ. महेंद्र यादव के साथ रितिक यादव, अशोक भाटी, दिनेश दिग्गज, सुरेन्द्र सर्किट, प्रीति दीक्षित, हृदेश आचार्य, नवीन सिसोदिया और लखन रायकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजकों ने कहा कि यह कार्यक्रम मुकेश की अमर स्वर साधना को समर्पित एक विनम्र श्रद्धांजलि है, जिनकी आवाज आज भी करोड़ों संगीत प्रेमियों के हृदय में जीवित है।

### सेवादल ने रीवा के बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचाई राहत सामग्री

**उज्जैन।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल ने असम और गुजरात के बाद अब मध्य प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में भी राहत कार्य तेज कर दिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के निर्देश पर एसओएस सेवादल अभियान के तहत रीवा में बाढ़ में फंसे लोगों के घरों तक पहुंचकर सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है। उज्जैन कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष हर्ष जैन ने बताया कि संकट की इस घड़ी में बाढ़ प्रभावित परिवारों की बुनियादी जरूरतें पूरी करने के लिए उन्हें सूखा राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। आपदा के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसलिए उन्हें कॉपियां और स्टेशनरी बांटी गई है। इसके अलावा क्षेत्र में बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक मेडिकल सहायता भी मुहैया कराई जा रही है। हर्ष जैन ने कहा कि आंधी हो या तूफान, सेवादल हमेशा मैदान में डटा रहता है। सेवादल कार्यकर्ता अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की मदद कर रहे हैं और संगठन के सेवा भाव व नारों को जमीन पर पूरी तरह सार्थक कर रहे हैं।

## रक्षाबंधन पर अलख मेहर धाम में बांधे रक्षा सूत्र, लिया रक्षा का वचन

### सिंधी भाषा और संस्कृति को सहेजने का संकल्प, विजेताओं को मिला पुरस्कार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भारतीय सिंधु सभा द्वारा शुक्रवार प्रातः शिवाजी पार्क स्थित अलख मेहर धाम में रक्षा सूत्र बंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बहनों ने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर उनसे रक्षा का वचन लिया। इसके पश्चात सिंधी भाषा और संस्कृति को जीवित रखने तथा घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि आत्म दास का स्वागत महिला शाखा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुष्पा कोटवानी, प्रदेश सचिव डॉ मीना वाधवानी, अध्यक्ष स्वाति गजरानी और कोषाध्यक्ष भारती सनमुखानी ने किया। इसी तरह अमोलक का सम्मान महासचिव महेश गंगवानी और मोहन राजवानी ने, अमरदास का स्वागत सचिव राजकुमार परसवानी और दीपक राजवानी ने, मुनि का रेशमा गंगवानी ने, रामदास का मुस्कान राजदेव और लीना लालवानी ने तथा तीर्थदास का स्वागत संजय लालवानी और सुरेश सनमुखानी ने किया। अध्यक्ष रमेश गजरानी ने रक्षा सूत्र बंधन के पौराणिक महत्व की जानकारी दी। आत्म दास ने अपने प्रवचन में सभी को बधाई देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया, जिसके पश्चात अमोलक ने अरदास करवाई। सिंधी संस्कृति पर आधारित प्रतियोगिता में दीपक राजवानी, चांदीराम और वीणा परसवानी ने पुरस्कार जीते। आयोजन के दौरान उपस्थित सभी लोगों का सामूहिक छायाचित्र लिया गया। इस अवसर पर चमनदास लखानी, गोपाल दास वाधवानी, ईश्वर चंचलानी, दयाराम कुकरेजा, चतरु वसनानी और वीर मामनानी विशेष रूप से उपस्थित थे।

उज्जैन
शनिवार
29
अगस्त, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

सत्यं ब्रूयात प्रियं ब्रूयात न ब्रूयात सत्यं प्रियम।
प्रियं च नानृतं ब्रूयात एष धर्मः सनातनः।।
**अर्थः** सच बोलो प्यारे, सच मत बोलो जो आपत्तिजनक हो, झूठ मत बोलो जो मीठा हो।

## खबर एक नजर...

### स्वच्छता में 8वीं बार नंबर-1 इंदौर गार्बेज फ्री, देश के 50 मॉडल शहरों में शामिल होगा

**इंदौर।** देश में 50 मॉडल शहर विकसित करने की तैयारी है, जिन्हें गार्बेज फ्री सिटी के आदर्श उदाहरण के रूप में तैयार किया जाएगा। संभावित सूची में इंदौर का शामिल होना तय माना जा रहा है। लगातार आठवीं बार स्वच्छता में नंबर-1 रहे इंदौर को कचरा मुक्त शहर के साथ पर्यटन, धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और स्वच्छ ऊर्जा की खूबियों वाले मॉडल शहर के रूप में विकसित करने की तैयारी है। गुरुवार को दिल्ली में हुई बैठक में निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने इंदौर के स्वच्छता मॉडल और नवाचारों की जानकारी दी। मंत्रालय को स्वच्छता, सौर ऊर्जा और ऊर्जा साक्षरता से जुड़ी जानकारियां भी दी गई हैं। तय पैमानों के आधार पर केंद्र की टीम जल्द इंदौर आकर अध्ययन कर सकती है। प्रस्तावित मॉडल सिटी में स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शहरों को शामिल किया जा रहा है। इनमें सूरत, अहमदाबाद, नवी मुंबई, जयपुर, विशाखापट्?टनम, तिरुवनंतपुरम और भुवनेश्वर जैसे शहरों के नाम भी सामने आए हैं।

### कैंसर पीड़ित बुजुर्ग की देखभाल के बहाने घर में चोरी

**इंदौर।** सदर बाजार पुलिस ने कैंसर पीड़ित बुजुर्ग की देखभाल के बहाने चोरी करने वाले केयरटेकर को गिरफ्तार किया है। आरोपी नशे का आदी है और अपनी लत पूरी करने के लिए उसने घर की रेकी कर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने उसके पास से 22 ग्राम सोने के जेवरात और नकदी समेत करीब 4 लाख रुपए का माल बरामद किया है। सदर बाजार टीआई पीएल शर्मा के मुताबिक, इलाके में रहने वाले एक बुजुर्ग के परिवार ने 24 अगस्त को शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी मां के कमरे की अलमारी से सोने की चेन, झुमके, अंगूठी और नकदी गायब है। उनकी देखभाल के लिए दीपेश और भूपेंद्र नाम के दो केयरटेकर रखे गए थे। दीपेश महज दो दिन काम करने के बाद अचानक आना बंद कर दिया था। पुलिस ने दीपेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जांच के दौरान पता चला कि उसने अपने मोबाइल की लोकेशन टाइमलाइन भी डिलीट कर दी थी। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने चोरी करना कबूल कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर करीब 4 लाख रुपए कीमत के 22 ग्राम सोने के जेवरात और नकदी बरामद की गई है।

### चौकीदार को कार से कुचलने वाला आरोपी प्रेमिका समेत गिरफ्तार

**इंदौर।** ला एग्जॉटिका कॉलोनी में बुधवार रात चौकीदार की हत्या करने वाले आरोपी और उसकी प्रेमिका को लसूड़िया पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों इंदौर छोड़कर भागने की तैयारी में थे। आरोपियों ने कार चढ़ाकर धर्मेंद्र मालवीय की जान ले ली थी। वहीं, उसके रिश्तेदार गोविंद को भी घायल कर दिया था। टीआई राजकुमार यादव की टीम ने बेस्ट प्राइज के पास से आरोपी राजा कुमावत और उसकी महिला मित्र शालिनी उर्फ सेजल को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से कार भी बरामद की गई है। पुलिस हत्याकांड के बाद से ही उनकी तलाश में जुटी थी। इसी दौरान शुक्रवार को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों आरोपी इंदौर छोड़कर भागने की तैयारी में हैं और बायपास स्थित बेस्ट प्राइज के पास बस स्टॉप पर खड़े हैं। दरअसल, धर्मेंद्र मालवीय अपने परिवार के साथ टाउनशिप में रहकर चौकीदारी करता था। राजा बुधवार रात जबरदस्ती अपनी महिला मित्र के साथ कार लेकर टाउनशिप में घुसा था। धर्मेंद्र के परिवार ने उसके वीडियो बना लिए थे। इस दौरान उसकी महिला मित्र ने माफी भी मांगी थी। बहस बढ़ने पर राजा ने कार तेजी से धर्मेंद्र के ऊपर चढ़ा दी। इसके बाद कार को वापस पलटाकर दूसरी बार भी उसके ऊपर से निकाल दिया। धर्मेंद्र को बचाने की कोशिश में गोविंद के पैर में भी चोट लगी थी। घटना के बाद पुलिस ने हत्या की एफआईआर दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस के अनुसार, राजा की पत्नी छह महीने पहले किसी अन्य व्यक्ति के साथ चली गई थी। इसके बाद वह शालिनी के साथ प्रेम संबंध में था।

### पीथमपुर में वाहन की टक्कर से ट्रक चालक की मौत

**इंदौर।** पीथमपुर में महू-नीमच रोड पर शुक्रवार को अकोलिया स्थित जियो पेट्रोल पंप के पास एक सड़क हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बिलासपुर निवासी भैय्या लाल (पिता घनश्याम) के रूप में हुई है, जो पेशे से ट्रक चालक थे। हादसे के समय भैय्या लाल सड़क पार करने के लिए सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी गंभीर थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने तत्काल पुलिस थाना सेक्टर नंबर-1 को सूचित किया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को दुर्घटना की जानकारी दे दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इसका उद्देश्य फरार वाहन और उसके चालक का पता लगाकर कानूनी कार्रवाई करना है।


फ्रोजन मोमोज की बास्केट में भी मिलीं, ग्राहक ने खाद्य विभाग से की शिकायत

# इंदौर के रेस्टोरेंट में मोमोज में रेंगती मिलीं इल्लियां

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर शहर में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर एक और शिकायत सामने आई है। सी-21 मॉल के पीछे डायमेंशन फर्निचर के सामने स्थित वी-आर-वन रेस्टोरेंट में मोमोज में इल्लियां मिलने का मामला सामने आया है। मामले में शिकायतकर्ता दीपक मीणा ने खाद्य विभाग से शिकायत कर रेस्टोरेंट के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मामला शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे का है। वे अपने दोस्तों के साथ रेस्टोरेंट में मोमोज खाने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्हें मोमोज में इल्लियां रेंगती हुई दिखाई दीं। इस पर उन्होंने रेस्टोरेंट संचालक सिद्धार्थ मालवीय और कर्मचारी सोनू पाल से शिकायत की। इस पर सोनू का कहना था कि हम मोमोज नहीं बनाते। हमारी कोई गलती नहीं है।



**फोटो-वीडियो के साथ की शिकायत**

शिकायतकर्ता ने खाद्य विभाग को भेजे आवेदन में इस मामले को लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय बताया है। उन्होंने रेस्टोरेंट में खाद्य सामग्री के रखरखाव और स्वच्छता की जांच कराने के साथ ही नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के साथ फोटो, वीडियो और रेस्टोरेंट की लोकेशन भी उपलब्ध कराई गई है। अब खाद्य विभाग की जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि मोमोज में इल्लियां थीं या नहीं और खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन हुआ है या नहीं।

**शिकायत करने पर बदतमीजी का आरोप-** दीपक मीणा ने खाद्य विभाग को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि मोमोज में इल्लियां मिलने की बात बताने पर रेस्टोरेंट संचालक और कर्मचारी ने संतोषजनक जवाब देने के बजाय उनके साथ बदतमीजी की। इसके बाद उन्होंने रेस्टोरेंट में रखी फ्रोजन मोमोज की बास्केट भी चेक की। मीणा और उनके साथियों का कहना है कि फ्रोजन मोमोज की बास्केट में रखे अन्य मोमोज में भी इल्लियां रेंगती हुई मिलीं। इसके बाद ग्राहक ने मामले की जानकारी खाद्य विभाग को दी।

**खाद्य विभाग की जांच के बाद सामने आएगी स्थिति-** सीनियर फूड इंस्पेक्टर मनीष स्वामी ने बताया कि इस मामले में शिकायत मिली है। कल टीम जांच के लिए जाएगी और देखेगी कि मोमोज कहां बनाए जाते हैं और कौन-कौन से रेस्टोरेंट्स को सप्लाय किए जाते हैं। सारी जानकारी और सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे जाएंगे। इसके बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट होगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दुष्कर्म-ब्लैकमेलिंग का आरोप, असली नाम पता चला तो धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया

# इंदौर में पहचान छिपाकर युवती से दोस्ती

## फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक युवती ने युवक पर पहचान छिपाकर दोस्ती करने, जबरन शारीरिक संबंध बनाने, अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वारिश उर्फ वीरू के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि साल 2019 में एक दोस्त के माध्यम से उसकी मुलाकात आरोपी से हुई थी। उस समय आरोपी ने अपना नाम वीरू बताया था। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और करीब छह महीने तक संपर्क में रहे।

**फिल्म दिखाने के बहाने होटल ले गया-** पीड़िता के मुताबिक, 8 फरवरी 2020 को आरोपी उसे फिल्म दिखाने के बहाने बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे स्थित एआर होटल ले गया। यहां आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने उसकी आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भी बना लिए। जब युवती ने फोटो-वीडियो डिलीट करने को कहा तो आरोपी ने उन्हें हटाने का आश्वासन दिया। इसके बाद दोनों के बीच संपर्क बना रहा।

**शादी की बात सामने आई तो दूरी बनाई-** शिकायत के मुताबिक, बाद में पीड़िता को पता चला कि आरोपी किसी अन्य युवती से शादी करने वाला है। इसके बाद उसने उससे दूरी बना ली। साल 2022 में आरोपी ने दोबारा उससे संपर्क किया और कहा कि वह अपनी शादीशुदा जिंदगी से खुश नहीं है और उससे शादी करना चाहता है। पीड़िता ने जब शादी से इनकार किया तो आरोपी ने उसके आपत्तिजनक फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देना शुरू कर दिया। पीड़िता के मुताबिक, डर के कारण उसने उस समय किसी को घटना के बारे में नहीं बताया और आरोपी से संपर्क खत्म कर लिया।

**छह महीने से वायरल करने की धमकी देने का आरोप-** पीड़िता ने बताया कि पिछले करीब छह महीनों से आरोपी उसे अलग-अलग जगह बदनाम करने और फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। हाल ही में उसे पता चला कि आरोपी ने उसके फोटो-वीडियो वायरल कर दिए हैं। इसके बाद उसने अपनी बहन को पूरी घटना बताई। परिजनों के साथ थाने पहुंचकर पीड़िता ने वारिश उर्फ वीरू के खिलाफ लिखित शिकायत दी। लसूड़िया पुलिस ने शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।



**दोबारा मिली तो सामने आई पहचान-** पीड़िता का आरोप है कि बाद में जब वह आरोपी से दोबारा मिली तो उसे उसकी असली पहचान के बारे में पता चला। युवती के मुताबिक, आरोपी का असली नाम वारिश पुत्र रफीक शेख है और उसने पहले अपनी पहचान वीरू के रूप में बताई थी। पहचान छिपाकर उससे दोस्ती करने को लेकर पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे डराया-धमकाया।

**धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोप-** पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी उस पर शादी करने के साथ धर्म परिवर्तन का भी दबाव बना रहा था। उसने धर्म बदलने से इनकार किया तो आरोपी ने आपत्तिजनक फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी और कथित तौर पर दोबारा उसके साथ जबरदस्ती की।

# ऋषभदेव गौरव न्यास का सम्मान समारोह 18 अक्टूबर को



ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर नगर एवं अंचल की प्रतिभाओं को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2013 में गठित ऋषभदेव गौरव न्यास इंदौर की साधारण सभा ग्राम सोनवाय (राऊ) स्थित टीएनए सॉल्यूशंस लिमिटेड के सभागार में संपन्न हुई जिसमें सर्वानुमति से निर्णय लिया गया कि गौरव न्यास का सातवां सम्मान समारोह आगामी 18 अक्टूबर को रविंद्र नाट्य ग्रह इंदौर में संपन्न होगा। समारोह की अध्यक्षता प्रोफेसर डॉ अनुपम जैन करेंगे।

न्यास के मंत्री जैनेश झांझरी ने बताया कि सेवा के क्षेत्र में सतत निष्पक्ष एवं समाज कल्याण की उत्कृष्ट भावना से समाज की सेवा करने वाले 60 वर्ष से अधिक आयु वाले समाजसेवी को जैन समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाता है एवं 45 वर्ष से कम आयु वाले किसी एक ऐसे युवा को जैन युवा गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाता है जिसने कला,साहित्य, विज्ञान, तकनीक, अनुसंधान एवं खेलकूद आदि क्षेत्र में अपनी प्रतिभा एवं समर्पण से समाज का गौरव बढ़ाया हो।

इन दोनों पुरस्कार के लिए चयनित प्रतिभा को पुरस्कार के रूप मे 1 लाख 11 हजार रुपए की राशि, शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। इसके अलावा जैन धर्म के गौरव में अभिवृद्धि करने वाले मनीषी विद्वान को जैन धर्म गौरव सम्मान एवं समाज की पांच अन्य युवा प्रतिभाओं को भी प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। प्रतिभाओं के चयन हेतु तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल का गठन किया गया है जिसमें न्यायमूर्ति श्री जे के जैन,आईआईटी इंदौर के पूर्व निदेशक प्रोफेसर निलेश कुमार जैन एवं माइक्रोसॉफ्ट इंजीनियर प्रकाश छाबड़ा को मनोनीत किया गया है।

आईआईएम इंदौरः हायरिंग मार्केट में मिलाजुला रुख

# कंसल्टिंग और फाइनेंस सेक्टर का रहा दबदबा, एवरेज पैकेज में 7.8% की गिरावट

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

दुनियाभर में हायरिंग मार्केट में चल रहे उतार-चढ़ाव के बीच आईआईएम इंदौर के फाइनल प्लेसमेंट में इस साल मिला-जुला रुख देखने को मिला है। संस्थान ने 2024-26 बैच की फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट जारी की है। इस बार हाईएस्ट पैकेज 82.5 लाख रुपए मिला है। यह पिछले साल (2023-25 बैच) के सबसे ज्यादा पैकेज (70 लाख रुपए) से 17.9 प्रतिशत ज्यादा है। कंपनियों की भागीदारी के लिहाज से भी यह साल पिछले बेहतर रहा।

इस साल कैंपस में 240 से ज्यादा कंपनियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें 70 से अधिक नई कंपनियां (फर्स्ट-टाइम रिक्रूटर्स) रहीं। जबकि पिछले साल 225 से ज्यादा कंपनियों ने हिस्सा लिया था, जिनमें 50 नई कंपनियां थीं।

इधर, एवरेज पैकेज पिछले साल के 29.57 लाख रुपए से गिरकर इस बार 27.27 लाख रुपए पर आ गया है। मीडियन पैकेज भी 27 लाख से घटकर 25 लाख रुपए रह गया है।

कंसल्टिंग और फाइनेंस में उछाल प्लेसमेंट में कंसल्टिंग सेक्टर की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा 41% रही, जो पिछले साल 35.4% थी। इस सेक्टर में एक्सेंचर, बीसीजी, डेलॉयट, केपीएमजी और पीडब्ल्यूसी जैसी दिग्गज कंपनियों ने जॉब ऑफर किए हैं। फाइनेंस सेक्टर में भी बड़ा उछाल देखने को मिला है। पिछले साल यह 14.5% था। जो इस बार बढ़कर 20% हो गया है। इसमें नोमुरा, बीएनवाई, गोल्डमैन सैक्स और जेपी मॉर्गन चेस जैसे बड़े नाम शामिल रहे।

सेल्स और मार्केटिंग में गिरावट सेल्स एंड मार्केटिंग डोमेन में सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिली है। पिछले साल जहां 26.5% छात्रों को मार्केटिंग में जॉब मिली थी। इस साल यह आंकड़ा गिरकर ठीक आधा, यानी 13% रह गया है। कॉर्पोरेट जगत में ऑपरेशन्स की स्थिर मांग के चलते जनरल मैनेजमेंट व एचआर सेक्टर में 15% पासआउट छात्रों को मौका मिला है। जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 13.2% था। टेक हायरिंग में मामूली बढ़त के साथ 11% छात्रों को जॉब मिली है। जो पिछले साल 10.4% थी।

# पूज्य सुधासागर जी के सानिध्य में इंदौर में ऐतिहासिक रक्षाबंधन विधान, गूंजा रक्षा-वंदन का संकल्प

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर दलाल बाग, छत्रपति नगर में मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में श्रमण संस्कृति रक्षा दिवस के रूप में भव्य रक्षाबंधन विधान संपन्न हुआ।

धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि पूरा पंडाल रक्षा-वंदन करो, श्रमण संस्कृति रक्षक जयवंत हो के जयघोषों से पूरा पंडाल गूंज उठा। गुरुदेव ने अपनी देशना में सुनाया 700 मुनिराजों के उपसर्ग का प्रसंग

धर्मसभा में गुरुदेव ने आचार्य अकंपनाचार्य सहित 700 मुनिराजों पर आए भयंकर उपसर्ग का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का नहीं, बल्कि धर्म और साधु-संतों की रक्षा का पर्व है। गुरु देव ने हजारों की संख्या में पधारे समाज जन को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में नहीं बनाना चाहिए। परिवार और समाज में अहंकार को ऊपर रखने से संबंधों में दरार आती है। हर लड़ाई जीतना जरूरी नहीं, कई लड़ाइयों से दूर रहना ही सबसे बड़ी जीत है। दुष्टता का उत्तर दुष्टता से नहीं, संयम और विवेक से देना चाहिए। धर्म प्रभावना समिति के सपनामनीष गोधा ने कहा कि लाखों श्रीफलों से सजा अद्भुत दृश्य इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में लाखों श्रीफल समर्पित कर श्रमण संस्कृति, देव-शास्त्र-गुरु की रक्षा का सामूहिक संकल्प लिया। दलाल बाग परिसर में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु एक साथ विधान में बैठे, दृश्य अद्भुत और ऐतिहासिक रहा। विधान में



चक्रवर्ती अध्यक्ष मनीष सपना गोधा आलोक आकाश कोल आनंद नवीन गोधा, महोत्सव अध्यक्ष अशोक डोसी, महामंत्री हर्ष जैन, , आशारानी पंड्या, डॉ जैनेन्द्र जैन प्रिंसपाल टोंग्या, गिरीश गिन्नी, अक्षय कासलीवाल, राहुल स्पोर्ट्स, भूपेंद्र भोपाली कमल जैन चेलेंजर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। विधान की समस्त धार्मिक क्रियाएं प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप ब्रह्मचारी,पारस भैया द्वारा संपन्न कराई गईं।

तेजाजी नगर पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए दो नाबालिग समेत चार आरोपियों को पकड़ा

# 5 से 10 हजार में बेचते थे वाहन, राशि से करते थे नशा, 11 वाहन जब्त

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

तेजाजी नगर पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए दो नाबालिग समेत चार आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से अब तक करीब 11 दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। पूछताछ में सामने आया कि नाबालिग वाहन चोरी करते थे, जबकि उनके दो साथी चोरी के वाहनों को ठिकाने लगाने का काम करते थे।

टीआई देवेंद्र मरकाम की टीम ने उमरीखेड़ा शराब दुकान के पास चार संदिग्धों को एक मोपेड और बाइक के साथ पकड़ा था। पूछताछ में आरोपियों की पहचान प्रकाश तंवर और मुकेश उर्फ कालू मसानिया के रूप में हुई। उनके साथ दो नाबालिग भी थे। जांच में दोनों वाहन चोरी के आरोपी निकले। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों से अलग-अलग इलाकों से चोरी किए गए करीब नौ और वाहन बरामद किए।

पूछताछ में पता चला कि दोनों नाबालिग नशे के आदी हैं। खर्च जुटाने के लिए वे वाहन चोरी करते थे। दोनों की पहचान प्रकाश और मुकेश से थी। आरोपियों को जब नाबालिगों के वाहन चोरी करने की जानकारी हुई तो उन्होंने चोरी के वाहनों को बेचने में मदद करना शुरू कर दिया।



**तीन थाना क्षेत्रों से चोरी, स्थानीय पुलिस बेखबर**

आरोपी चोरी की बाइक और मोपेड को 5 से 10 हजार रुपए में बेच देते थे। पुलिस अब बरामद वाहनों के वास्तविक मालिकों और चोरी की घटनाओं का रिकॉर्ड खंगाल रही है। पुलिस के मुताबिक दोनों नाबालिग भंवरकुआ और राजेंद्र नगर क्षेत्र के रहने वाले हैं और उनके खिलाफ पहले से भी अपराध दर्ज हैं। वे आजाद नगर, भंवरकुआ और राजेंद्र नगर इलाके से वाहन चोरी कर रहे थे।

वाहन चोरी के इस नेटवर्क की जानकारी हेड कांस्टेबल देवेंद्र परिहार को मुखबिर से मिली थी। इसके बाद पुलिस ने संदिग्धों की निगरानी कर उन्हें पकड़ा।

पुलिस के अनुसार प्रकाश तंवर और मुकेश उर्फ कालू मसानिया के खिलाफ भी लूट और अवैध वसूली सहित अन्य अपराध दर्ज हैं। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और चोरी के वाहनों की बिक्री के ठिकानों की जानकारी जुटा रही है।

## दतिया नपा अध्यक्ष के बेटे पर कुर्सी संभालने का आरोप, पार्षदों ने दफ्तर में किया हंगामा

**दतिया।** दतिया नगर पालिका में चुनाव जीतकर कुर्सी पर बैठने वाली मां शांति ढेंगुला भले ही नगर पालिका की वैधानिक अध्यक्ष हों, लेकिन धरातल पर नगर पालिका की सत्ता और दफ्तर की पूरी कमान उनके बेटे प्रशांत ढेंगुला संभाल रहे हैं। आलम यह है कि प्रशांत ढेंगुला कई मौकों पर तो खुद को सीधे 'नगर पालिका अध्यक्ष' के रूप में पेश करने से भी पीछे नहीं हटते। हालही में उन्होंने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करते हुए शहरवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं, इस बैनर में उन्होंने स्वयं को नगर पालिका अध्यक्ष लिख दिया। आरोप यह भी है कि प्रशांत नपा कार्यालय में बैठकर प्रशासनिक फैसले लेकर विभागीय कामकाज में सीधा हस्तक्षेप तक करते हैं। अध्यक्ष पुत्र की इस मनमानी और असंवैधानिक कार्यप्रणाली से दतिया शहर के ज्यादातर पार्षद बेहद नाराज हैं। दो दिन पहले उन्होंने नगर पालिका दफ्तर पहुंचकर जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्षदों ने अध्यक्ष पुत्र प्रशांत ढेंगुला के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उन पर नगर पालिका को अपनी जागीर की तरह चलाने का सीधा आरोप लगाया। प्रदर्शन के बाद पार्षदों का दल सीएमओ को ज्ञापन देने पहुंचा। सीएमओ की गैरमौजूदगी में पार्षदों ने नपा के स्वच्छता निरीक्षक अनुपम पाठक को ज्ञापन सौंपा।

## गोवंश से टकराई बाइक, 3 लोग गंभीर घायल, बाइक के सामने आया

**मऊगंज।** मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात सड़क पर बैठे आवारा गोवंश के कारण हादसा हो गया। बोलेरो की टक्कर से गोवंश उछलकर बाइक सवार तीन लोगों के सामने आ गया। बाइक गोवंश से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रात करीब 9 बजे पूर्वा गांव के पास हुआ। चमड़ियां निवासी बाबूलाल साहू (45), उनके बेटे हरिनारायण साहू (20) और राजीव साहू (26) नईगढ़ी बाजार से बाइक पर घर लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सड़क पर एक आवारा गोवंश बैठा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के बाद गोवंश उछलकर बाइक सवारों के सामने आ गया, जिससे बाइक उससे टकरा गई।

## दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, बस-स्टैंड पर भगदड़ जैसी स्थिति

**ग्वालियर।** ग्वालियर से करीब 35 किलोमीटर दूर उटीला गांव के बस स्टैंड पर शुक्रवार देर शाम दो पुराने दोस्तों के बीच मामूली कहासुनी के बाद विवाद हो गया। दोनों वर्तमान और पूर्व सरपंच के समर्थक बताए जा रहे हैं। राजनीतिक सक्रियता और वर्चस्व को लेकर शुरू हुई बहस देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडे चलने लगे। रक्षाबंधन के कारण बस स्टैंड पर भीड़ थी, ऐसे में मारपीट और हंगामे से वहां भगदड़ मच गई। इसी दौरान दोनों पक्षों की ओर से फायरिंग भी की गई। कई गोलियां आसपास की दीवारों और गेट में लगीं। गोली चलने की आवाज सुनकर दुकानदार और राहगीर इधर-उधर भागने लगे। घटना की सूचना मिलते ही उटीला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। दोनों पक्षों के कई लोगों के घायल होने की जानकारी है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस के अनुसार, उटीला निवासी गब्बर सिंह बघेल और पंकज पाठक के बीच पहले दोस्ती थी, लेकिन कुछ समय से दोनों के बीच दूरी थी। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष गांव के वर्तमान और पूर्व सरपंच के समर्थक हैं। शुक्रवार शाम दोनों उटीला बस स्टैंड के पास चाय की गुमटी पर बैठे थे। इसी दौरान सरपंचों की राजनीतिक सक्रियता और वर्चस्व को लेकर उनके बीच बहस शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर बघेल पक्ष के लोगों ने पंकज के साथ मारपीट कर दी। इसके बाद पंकज पक्ष के समर्थक भी मौके पर पहुंच गए और दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। इसी दौरान बघेल पक्ष के देव ओझा ने कथित तौर पर हथियार निकालकर फायरिंग कर दी। गोली चलने से बस स्टैंड पर अफरा-तफरी मच गई।

## देवास में बाइक मोड़ने के विवाद में चाकू से हमला, सैलून कर्मचारी और छात्र घायल, पेट-कमर में गंभीर चोटें;

**देवास।** देवास के चाणक्यपुरी क्षेत्र में बाइक मोड़ने को लेकर हुए विवाद में दो भाइयों पर चाकू से हमला किया गया। संदीप परमार और रोहित परमार नाम के ये दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चाकू के वार से संदीप और रोहित के पेट और कमर में गंभीर चोटें आई हैं। संदीप परमार सैलून में काम करता है, जबकि उसका भाई रोहित छात्र है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात बाइक मोड़ने की बात पर आरोपियों से उनका विवाद शुरू हुआ था। यह मामूली विवाद देखते ही देखते बढ़ गया और आरोपियों ने दोनों भाइयों पर चाकू से हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर रात करीब 9:30 बजे सीएसपी सुमित अग्रवाल जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल भाइयों और डॉक्टरों से घटना के संबंध में जानकारी ली। सीएसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में बाइक मोड़ने को लेकर विवाद की बात सामने आई है। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया है और हमला करने वाले आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## राजपुर में मिर्च फसल पर वायरस का प्रकोप:पत्तियां सिकुड़ीं, उत्पादन घटा

**बड़वानी।** बड़वानी जिले के राजपुर क्षेत्र में मिर्च की फसल पर वायरस जनित बीमारियों का प्रकोप किसानों के लिए मुसीबत बन गया है। पौधों की पत्तियां सिकुड़ने और मिर्च का आकार छोटा रह जाने से उत्पादन घट गया है। मंडी में छोटी मिर्च का उचित भाव नहीं मिलने से किसानों को फसल नुकसान के साथ कम दाम की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि मिर्च की खेती अब घाटे का सौदा बन गई है। कई किसान लागत तो दूर मजदूरी तक नहीं निकाल पा रहे हैं। किसान रमेश शोभाराम कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने 2 एकड़ में मिर्च लगाई थी और एक लाख रुपए से अधिक खर्च किए थे।

# मंगला एक्सप्रेस में केरल के 20 बच्चे बीमार, पेंट्री कार का खाना खाने के बाद बिगड़ी तबीयत, स्टेशन पर किया इलाज

### स्कूली टूर के बाद दिल्ली से केरल लौट रहे थे बच्चे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा



दिल्ली से केरल जा रही मंगला लक्षद्वीप एक्सप्रेस में शुक्रवार रात उस समय हड़कंप मच गया, जब ट्रेन में सफर कर रहे 15 से 20 स्कूली बच्चों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। बच्चों ने ट्रेन की पेंट्री कार से खाना लिया था। खाना खाने के बाद कई बच्चों को उल्टी, जी मिचलाने और बेचैनी की शिकायत होने लगी। फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई गई है।

बच्चों की तबीयत बिगड़ने की सूचना रेलवे विभाग को मिली तो खंडवा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोककर बच्चों का इलाज कराया गया। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल, सीएसपी अभिनव बारंगे, सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर सहित रेलवे और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। डॉक्टरों की टीम ने ट्रेन में ही बच्चों की जांच कर उन्हें प्राथमिक उपचार और जरूरी दवाइयां दीं। स्टेशन मास्टर जीएल मीणा के मुताबिक, मंगला लक्षद्वीप एक्सप्रेस रात करीब 9 बजकर 5 मिनट पर खंडवा रेलवे स्टेशन पहुंची। बच्चों की तबीयत खराब होने की सूचना पहले ही मिल चुकी थी, इसलिए स्टेशन पर डॉक्टरों की टीम को तैयार रखा गया था।

ट्रेन रुकते ही मेडिकल टीम ने प्रभावित बच्चों की जांच शुरू की। करीब 40 मिनट तक ट्रेन खंडवा स्टेशन पर खड़ी रही। इस दौरान बच्चों को प्राथमिक उपचार और दवाइयां दी गईं। इसके बाद रात करीब 9 बजकर 45 मिनट पर ट्रेन को भुसावल की ओर रवाना किया गया।

बताया गया कि बीमार हुए सभी बच्चे केरल के रहने वाले हैं और एक क्रिश्चियन स्कूल से संबंधित हैं। बच्चों की उम्र करीब 15 से 18 वर्ष बताई जा रही है। वे स्कूल स्टाफ के साथ शैक्षणिक टूर पर दिल्ली गए थे और टूर खत्म होने के बाद ट्रेन से वापस केरल लौट रहे थे। स्टेशन मास्टर के अनुसार, इटारसी स्टेशन के बाद बच्चों ने ट्रेन की पेंट्री कार से खाना लिया था। खाना खाने के कुछ समय बाद एक के बाद एक बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। कई बच्चों ने अस्वस्थ महसूस होने की शिकायत की। इसके बाद ट्रेन में मौजूद स्टाफ ने रेलवे अधिकारियों को सूचना दी। खंडवा स्टेशन पर प्राथमिक उपचार के बाद रेलवे के डॉक्टरों और कर्मचारियों की एक टीम को बच्चों के साथ ट्रेन में रवाना किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बच्चों की तबीयत पर लगातार नजर रखी जाएगी। यदि रास्ते में किसी बच्चे की हालत में सुधार नहीं होता है या तबीयत ज्यादा बिगड़ती है, तो उन्हें भुसावल रेलवे स्टेशन पर उतारकर अस्पताल में इलाज उपलब्ध कराया जाएगा।

### पेंट्री के खाने से फूड पॉइजनिंग की आशंका

बच्चों के बीमार होने की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। हालांकि, बच्चों द्वारा पेंट्री कार का खाना खाने के बाद तबीयत बिगड़ने के कारण फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई जा रही है। वास्तविक कारण जांच के बाद ही सामने आएगा।

## वंदे मातरम् के 150वें वर्ष पर भोपाल में बनेगा इतिहास:

### 1 सितंबर को मंच पर 3 वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रयास, 40 से ज्यादा वाद्य यंत्रों से प्रस्तुति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150वें वर्ष के मौके पर भोपाल में भारतीय संस्कृति और देशभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। विविधा कलायम सांस्कृतिक समिति की ओर से 1 सितंबर को डीबी सिटी मॉल में ऐसा सांस्कृतिक आयोजन किया जा रहा है, जिसमें एक ही मंच पर तीन विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास होगा।

कार्यक्रम शाम 4 बजे से शुरू होगा। आयोजन में संगीत, सामूहिक गायन और शास्त्रीय कथक नृत्य के जरिए वंदे मातरम् को केंद्र में रखते हुए भारतीय संस्कृति और राष्ट्रभावना को



विश्व मंच तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

पहले रिकॉर्ड प्रयास के तहत इंटरनेशनल म्यूजिशियन अभय तिवारी 40 से अधिक अलग-अलग वाद्य यंत्रों का इस्तेमाल करते हुए वंदे मातरम् की विशेष संगीतमय प्रस्तुति देंगे। एक ही प्रस्तुति में इतने वाद्य यंत्रों का इस्तेमाल इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण होगा।

### 200 से ज्यादा विद्यार्थी एक साथ गाएंगे राष्ट्रीय गीत

दूसरे रिकॉर्ड प्रयास में विविधा अकादमी के 200 से अधिक विद्यार्थी एक साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गायन करेंगे। आयोजकों का कहना है कि इसके जरिए बच्चों और युवाओं को राष्ट्रीय गीत, भारतीय संस्कृति और राष्ट्रभावना से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। तीसरे रिकॉर्ड प्रयास में 150 से अधिक छात्राएं वंदे मातरम् पर सामूहिक कथक नृत्य की प्रस्तुति देंगी। खास बात यह होगी कि कथक की प्रस्तुति लाइव म्यूजिक के साथ होगी। शास्त्रीय नृत्य, संगीत और देशभक्ति को एक मंच पर पिरोकर प्रस्तुति तैयार की गई है।

### रिकॉर्ड से ज्यादा संस्कृति और राष्ट्रभावना पर जोर

कार्यक्रम का मकसद केवल विश्व रिकॉर्ड का प्रमाण-पत्र हासिल करना नहीं है। इसके जरिए वंदे मातरम् के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को नई पीढ़ी तक पहुंचाने, युवाओं में राष्ट्रप्रेम और सांस्कृतिक गौरव की भावना मजबूत करने तथा भारतीय संगीत और शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा को बड़े मंच पर प्रस्तुत करने का प्रयास है। प्रोफेशनल वीडियो रिकॉर्डिंग, फोटोग्राफी और रिकॉर्ड किया जाएगा। आयोजकों का कहना है कि इससे पूरे प्रयास को प्रमाणिक रूप से दर्ज कर डिजिटल और मीडिया माध्यमों के जरिए व्यापक स्तर तक पहुंचाया जा सकेगा।

## डिवाइडर से टकराई बस, सो रहे यात्री शीशा तोड़ नीचे गिरे, 4 मौतें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ब्यावरा (राजगढ़)

राजगढ़ जिले में भोपाल बायपास पर शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार वीडियोकोच बस फ्लाईओवर के डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ऊपरी स्लीपर में सो रहे तीन यात्री शीशा तोड़ते हुए करीब 20 फीट नीचे जमीन पर जा गिरे। तीनों की मौके पर मौत हो गई, जबकि ड्राइवर ने भी दम तोड़ दिया। मृतकों में बेंगलुरु के थाना प्रभारी रवि केवी भी हैं। हादसे के बाद बस भी पुल से नीचे गिरने वाली थी, लेकिन कंडक्टर ने हैंडब्रेक खींचकर उसे रोक लिया।

हादसा सुबह 7:15 से 7:30 बजे के बीच हुआ। योलो ट्रैवल्स की बस एनएल 01-बी-3436 कानपुर से इंदौर जा रही थी। यात्रियों के मुताबिक, ड्राइवर ने रात में खाना खाने के बाद कहीं बस नहीं रोकी थी। सुबह 6 बजे से यात्री टॉयलेट के लिए बस रोकने को कह रहे थे, लेकिन वह आगे रोकने की बात कहता रहा। भोपाल बायपास फ्लाईओवर पर पहुंचने के बाद भी उसने रफ्तार कम नहीं की और तेज रफ्तार में मोड़ पर बस का संतुलन बिगड़ गया। हादसे में बेंगलुरु के थाना प्रभारी रवि केवी (45), गोपालगंज बिहार के बेलाल अली (23), बिजवाड़ देवास के ज्योतिरादित्य सिंह गौर (35) और फतेहपुर यूपी के ड्राइवर विकास शुक्ला (30) की मौत हुई। रवि चार सदस्यीय टीम के साथ एक आरोपी की तलाश में लखनऊ पहुंचे थे।

8 किमी लंबा स्टेट हाईवे खराब

## भोपाल-खंडवा के यात्री 17 किमी का फेरा लगाकर पहुंच रहे ओंकारेश्वर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

तीर्थनगरी ओंकारेश्वर पहुंचने के लिए खंडवा की ओर से जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए सनावद-कोठी-ओंकारेश्वर रोड महत्वपूर्ण सड़क है। सनावद से ओंकारेश्वर की कुल दूरी 10 किमी है।

एमपीआरडीसी द्वारा सड़क का रखरखाव नहीं किए जाने से जर्जर हो चुकी है। इस कारण श्रद्धालुओं को 17 किमी का अतिरिक्त फेरा लगाकर ओंकारेश्वर जाना पड़ रहा है, क्योंकि सनावद से मोरटक्का 5 किमी और मोरटक्का से ओंकारेश्वर 12 किमी यानी कुल 17 किमी की दूरी भोपाल-खंडवा की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं को तय करनी पड़ रही है। खंडवा से सनावद पहुंचने वाले श्रद्धालु सीधे कोठी की ओर न जाकर अब वाया मोरटक्का से तीर्थनगरी ओंकारेश्वर की ओर आवाजाही कर रहे हैं। यहीं क्रम भोपाल से वाया पुनासा होकर सनावद आने वाले श्रद्धालुओं को भी दोहराना पड़ रहा है। सनावद से कोठी-ओंकारेश्वर तिराहे तक सड़क की कुल दूरी लगभग 8 किमी है। यहीं हिस्सा पूरी तरह से खराब हो चुका है। अब इस सड़क का नाम स्टेट हाईवे (41-ए) है। पिछले तीन सालों से हैंडओवर लेने के बाद एमपीआरडीसी ने सड़क का रिन्युअल नहीं कराया।

### चंदेरी में रक्षाबंधन पर उफनते रपटे से गुजरीं बहनें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अशोकनगर

अशोकनगर जिले के चंदेरी में रक्षाबंधन के पर्व पर भाई की कलाई पर राखी बांधने की चाहत बहनों को सैलाब के बीच उतरने से भी नहीं रोक पाई। चंदेरी से करीब 5 किमी दूर तगारी-वांकलपुर गांव के बीच बने रपटे पर बारिश का पानी कमर से ऊपर तक बह रहा है। तेज बहाव के बावजूद शुक्रवार शाम बहनें जान जोखिम में डालकर पैदल और तैरकर रपटा पार करती नजर आईं। इसका वीडियो भी सामने आया है।

लगातार हो रही बारिश के कारण क्षेत्र के नदी-नाले उफान पर हैं। तगारी और वांकलपुर के बीच आवागमन के लिए बने इस रपटे पर पानी का बहाव इतना तेज है कि जरा सी चूक किसी की जान पर भारी पड़ सकती है। इसके बावजूद रक्षाबंधन पर भाई की कलाई सूनी न रहे, इसी उम्मीद में बहनें पानी के बीच से रास्ता बनाकर अपने मायके पहुंचीं।

## एमपी के पूर्वी हिस्से में अगले 4 दिन भारी बारिश, भोपाल में रिमझिम के आसार

### रीवा-शहडोल समेत 7 जिलों में आज तेज पानी गिरेगा;

ब्रह्मास्त्र ▸▸ छतरपुर

सुजारा बांध के दो गेट खोले गए हैं। वहीं, खजुराहो में रनेह फॉल का जलप्रवाह बढ़ने से नजारा खूबसूरत हो गया है; टीकमगढ़ में नदियां-नाले उफान पर हैं। मध्य प्रदेश के पूर्वी हिस्से में अगले 4 दिन तक बारिश का दौर रहेगा। शनिवार को 7 जिले- रीवा, सीधी, कटनी, शहडोल, अनूपपुर, सिवनी और बालाघाट में भारी बारिश का अलर्ट है। भोपाल में रिमझिम बारिश होगी। इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-चंबल संभाग में तेज बरसात के कम आसार हैं। वहीं, जबलपुर, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, मंडला, डिंडौरी, पांढुर्णा, सतना, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, उमरिया, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

### 37 जिलों में 1% से 49% तक कम बारिश

प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में 19% तक कम बारिश हुई है। बालाघाट, डिंडौरी, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, निवाड़ी, पांढुर्णा, पन्ना, रीवा, सागर, सिवनी, टीकमगढ़, डिंडौरी, निवाड़ी में 1% से 49% तक कम बारिश हुई है। वहीं, पश्चिमी हिस्से के आलीराजपुर, अशोकनगर, बैतूल, दतिया, देवास, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, मुरैना, मंदसौर, नर्मदापुरम, नीमच, बड़वानी, खंडवा, रायसेन, रतलाम, सीहोर, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन और विदिशा में औसत से 4% से 50% कम पानी गिरा है।

मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार, प्रदेश के ऊपर एक लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) और मानसून ट्रफ एक्टिव है, लेकिन एमपी में इनका असर नहीं है। इस वजह से प्रदेश के सभी जिलों में बारिश की संभावना नहीं है।

मौसम केंद्र की माने तो प्रदेश में अब तक 683.9 मिमी यानी, 26.9 इंच बारिश हो चुकी है। हालांकि, यह अब तक की सामान्य बारिश 29.5 इंच (750.9 मिमी) की तुलना में 2.6 इंच कम है। वहीं, ओवरऑल 9 प्रतिशत कम पानी गिरा है। पूर्वी हिस्से में 6% और पश्चिमी हिस्से में औसत से 12% बारिश कम हुई है। यह एमपी के हिल स्टेशन पचमढ़ी के प्रसिद्ध बी फॉल का नजारा है। बारिश में 35 मीटर की ऊंचाई से दूधिया पानी बहता देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। यह एमपी के हिल स्टेशन पचमढ़ी के प्रसिद्ध बी फॉल का नजारा है। ब

जेन-अल्फा यूं ही सड़कों पर नहीं है, पढ़ाई, सुविधाएं, सुरक्षा, प्रबंधन जैसे 6 पैमानों पर खुलासा

## छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन, वहां के स्कूल केंद्र की रिपोर्ट में फिसड्डी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ विदिशा / सीहोर

प्रदेश में इन दिनों अपने स्कूलों को सुधारने के लिए जेन-अल्फा सड़कों पर है। अब तक 8 जिलों में स्कूली बच्चे प्रदर्शन कर चुके हैं। ये प्रदर्शन ऐसे ही नहीं किये जा रहे हैं; बल्कि केंद्र की रिपोर्ट खुद भी बताती है कि जिन 8 जिले भोपाल, इंदौर, सागर, बड़वानी, विदिशा, अशोक?नगर, उज्जैन और धार में बच्चे सड़क पर उतरे, उनमें कोई भी जिला 55% स्कोर तक नहीं पहुंच पाया।

शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग की परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स फॉर डिस्ट्रिक्ट्स रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र की इस परीक्षा में मध्यप्रदेश का एक भी जिला फर्स्ट डिवीजन पास नहीं हो सका। शिक्षक, पढ़ाई, सुविधाएं, सुरक्षा, डिजिटल शिक्षा और प्रबंधन के 6 पैमानों पर परखी गई स्कूल शिक्षा व्यवस्था के इस आकलन में 784 जिलों के स्कोर में देश के टॉप-200 में मप्र का एक भी जिला शामिल नहीं है। प्रदेश में सबसे ज्यादा स्कोर करने वाला सीधी जिला 600 में 333 अंक के साथ देश में 224वें स्थान पर रहा।

उमरियो बड़ागांव के स्कूली छात्र और छात्राएं को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और स्कूल जाने वाले



रास्ते पर कीचड़ की समस्या बताकर सड़क बनाने की मांग की।

**स्कोर में ये हैं प्रदेश के सबसे फिसड्डी जिले-** बच्चों के सीखने के परिणाम में 290 में खरगोन को 91 अंक (31.38%) मिले। कक्षा में पढ़ाई की व्यवस्था में 90 में रीवा को 42 अंक (46.67%) मिले। स्कूल सुविधाओं में 51 में टीकमगढ़ को 18 अंक (35.29%) मिले। सुरक्षा व बाल संरक्षण में 35 में निवाड़ी, बड़वानी, अलीराजपुर और झाबुआ को 9-9 अंक (25.71%) मिले। डिजिटल शिक्षा में 50 में निवाड़ी को 6 अंक (12%), जबकि स्कूल प्रबंधन में श्योपुर को 42% अंक मिले।

### इन बिंदुओं पर हुई जिले की ग्रेडिंग

1. बच्चे कितना सीख रहे हैं: कक्षा 3, 6 और 9 के बच्चों की भाषा, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में न्यूनतम दक्षता देखी गई। 2. शिक्षक और कक्षा की व्यवस्था: प्री-प्राइमरी व्यवस्था, प्रोजेक्ट-वर्क, मूल्यांकन, शिक्षण सामग्री और बच्चों को पढ़ाने की प्रक्रियाएं देखी। 3. स्कूल की सुविधाएं: समय पर किताबें और यूनिफॉर्म, लाइब्रेरी, रैंप, विज्ञान प्रयोगशाला और किचन गार्डन जैसी सुविधाएं देखी गईं। 4. बच्चों की सुरक्षा: सुरक्षा ऑडिट, आपदा से बचाव की ट्रेनिंग, छात्राओं की सेल्फ-डिफेंस ट्रेनिंग और डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान देखा गया। 5. डिजिटल पढ़ाई: इंटरनेट, कंप्यूटर और लैपटॉप, स्मार्ट क्लास और शिक्षकों की कंप्यूटर से पढ़ाने की ट्रेनिंग देखी गई।

**आंदोलन वाले 8 जिलों का रिपोर्ट कार्ड-** भोपाल में पढ़ाई कमजोर: सीखने के परिणाम में सिर्फ 47% अंक मिले। स्कूल सुरक्षा में भी 37% का स्तर नहीं छू पाया। इंदौर में सुविधाएं कमजोर: स्कूल सुविधाओं में 41% अंक मिले। बच्चों के सीखने के परिणाम में भी सिर्फ 47% अंक हासिल हुए। सागर : डिजिटल शिक्षा में सिर्फ 24% अंक मिले। स्कूल सुरक्षा का प्रदर्शन भी 40% से नीचे रहा।

## छिंदवाड़ा में भुजलिया उत्सव आज, जुलूस में दिखेगी शस्त्र कला

### युद्ध प्रदर्शन के साथ चन्द्रावली बांधेंगी रक्षासूत्र, तोपों की सलामी रहेगी खास आकर्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा में रक्षाबंधन के दूसरे दिन मनाया जाने वाला लोक सांस्कृतिक धरोहर का पर्व भुजलिया उत्सव आज (शनिवार) पारंपरिक और भव्य अंदाज में मनाया जाएगा। सार्वजनिक श्री भुजलिया उत्सव समिति के अनुसार, आयोजन में अखाड़ों की प्राचीन शास्त्रीय परंपरा, शस्त्र कला, धार्मिक-सांस्कृतिक झांकियां और विशेष तोपों की सलामी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। कार्यक्रम की दोपहर 1 बजे रोपित भुजलिया के पूजन से होगी। इसके बाद श्री बड़ी माता जी, राम मंदिर और श्री चौबे बाबा जी में पूजन-अर्चन किया जाएगा। इसके बाद स्थानीय श्री रामलीला रंगमंच से विशाल भुजलिया जुलूस निकलेगा। जुलूस में डीजे और बैंजो के साथ इस बार अखाड़ों की शस्त्र विद्या का प्रदर्शन किया जाएगा। श्री गप्तु उस्ताद श्री बड़ी माता व्यायामशाला और श्री छोटी माता व्यायामशाला के युवा और वरिष्ठ कलाकार पारंपरिक अंदाज में हथियारों के करतब प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा विशेष तोपों से सलामी भी दी जाएगी। जुलूस में वीर आल्हा-ऊदल की सेना, पृथ्वीराज की सेना, बहन चन्द्रावली का डोला सहित विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक झांकियां शामिल होंगी।

# नेपाल बाढ़ हादसा - लापता लोगों का आंकड़ा 2500 पहुंचा



## 400 भारतीय तिब्बत में फंसे; सुरंग में फंसे लोगों को निकालने में मदद करेगा भारत

ब्रह्मास्त्र ›› नेपाल/नई दिल्ली

नेपाल-तिब्बत में 26 अगस्त को आई भीषण बाढ़ के बाद लापता लोगों की संख्या करीब 2,500 पहुंच गई है। अब तक 586 शव बरामद हो चुके हैं।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि नेपाल में अभी भी 320 भारतीय नागरिकों से संपर्क नहीं हो पाया है। इसके अलावा करीब 400 भारतीय तिब्बत में फंसे हुए हैं। टएअ ने बताया कि चीन की तरफ फंसे 153 भारतीय नागरिक सुरक्षित रूप से नेपाल पहुंच चुके हैं। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सीनियर अफसरों के साथ हाईलेवल मीटिंग की और नेपाल में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की। जयशंकर ने कहा कि एक जलविद्युत परियोजना वाली जगह पर लोगों के सुरंग में फंसे होने की आशंका है। इसलिए भारत मदद के लिए एक टीम भेज रहा है।

नेपाल के बाढ़ प्रभावित इलाके में हवाई तस्वीरों में एक दूसरी झील दिखाई दी है। इससे इलाके में फिर बाढ़ आने का खतरा बढ़ गया है। रॉयटर्स के मुताबिक, नेपाल के अधिकारी भूस्खलन से बनी दोनों झीलों पर नजर रख रहे हैं। इनमें एक झील से पानी बह रहा है, जबकि दूसरी झील में लगातार पानी बढ़ रहा है और उसका आकार पहली झील से भी बड़ा होता जा रहा है। दोनों झीलें नेपाल-चीन सीमा के पास उस इलाके में बनी हैं, जहां बुधवार को भीषण बाढ़ आई थी।

## पाकिस्तान में 200 साल पुराना गुरुद्वारा गिराया, शॉपिंग मॉल बनाया जा रहा

ब्रह्मास्त्र ›› बलूस्तिान

पाकिस्तान के बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में करीब 200 साल पुराने ऐतिहासिक ह्यश्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वाराह्व को गिरा दिया गया। अब इस जगह पर एक मॉल का निर्माण किया जा रहा है। बलूचिस्तान गुरुद्वारा सिंह सभा के सदस्य सरदार जसबीर सिंह के अनुसार, पूरा सिख समाज इसका विरोध कर रहा है, लेकिन अभी तक सरकार कोई एक्शन नहीं ले रही। उन्होंने बताया कि बलूचिस्तान में कभी 12 गुरुद्वारे थे, जिनमें से अब सिर्फ 2 बचे हैं।

गुरुद्वारे को गिराए जाने पर भारत में भी कड़ा विरोध हो रहा है। भाजपा के नेशनल स्पोक्सपर्सन आरपी सिंह ने कहा कि ये पाकिस्तान में सिखों की विरासत खत्म करने की कोशिश है। अकाल तख्त साहिब को पाकिस्तान सरकार के सामने मामला उठाना चाहिए और स्वतंत्र जांच होनी चाहिए। क्वेटा के आर्चर रोड स्थित श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा परिसर में बाद में सेंट गैब्रिएल स्कूल संचालित हो रहा था। सिख समुदाय के नेता सरदार जसबीर सिंह के मुताबिक, अब उसी गुरुद्वारे को ढहाकर यहां शॉपिंग प्लाजा का निर्माण कराया जा रहा है। मामला बलूचिस्तान हाई कोर्ट तक पहुंचा, लेकिन कोर्ट ने फिलहाल निर्माण रोकने से इनकार कर दिया है। सिख समुदाय के मुताबिक, यह जमीन श्री गुरु सिंह सभा से जुड़ी संपत्ति थी। आरोप है कि इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (एळढइ) ने इसे एक निजी बिल्डर को बेच दिया। अब सवाल उठ रहा है कि एळढइ को इस धार्मिक संपत्ति को बेचने का अधिकार किस आधार पर मिला और जमीन की बिक्री की प्रक्रिया क्या थी? इस पर पाकिस्तान सरकार या एळढइ की ओर से आधिकारिक जवाब सामने आना बाकी है।

## दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी 3.89 महंगी, कीमत 83 प्रति किलो से बढ़कर करीब 87 हुई

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी की कीमत 3.89 प्रति किलो बढ़ गई है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के मुताबिक, नई कीमत शनिवार सुबह 6 बजे से लागू होगी। इसके बाद दिल्ली में सीएनजी 83.09 से बढ़कर 86.98 प्रति किलो हो जाएगी। इस साल सीएनजी के दाम में यह पांचवीं बढ़ोतरी है। इस बार कीमत बढ़ाने की मुख्य वजह सीएनजी की बढ़ती आयात लागत, अंतरराष्ट्रीय गैस कीमतों में तेजी और सीएनजी की बढ़ती मांग है। इससे पहले मई में पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कीमतों में तेजी के चलते आईजीएल ने 10 दिनों के भीतर चार फेज में सीजएनजी के दाम कुल 6 प्रति किलो बढ़ाए थे। नई कीमतों के बाद नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी 95.59 प्रति किलो हो गई है। मेरठ में इसकी कीमत 95.47 और गुरुग्राम में 92.01 प्रति किलो है।

## मुंबई में दूध 100 के पार, थोक भाव 9 बढ़े, दही-पनीर के दाम भी बढ़ सकते हैं

**मुंबई।** त्योहारी सीजन से पहले मुंबई के लोगों को महंगाई का झटका लगा है। बॉम्बे मिल्क प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ने थोक दूध की कीमत में 9 प्रति लीटर बढ़ोतरी का ऐलान किया है। नई कीमत 1 सितंबर से लागू होगी। इसके बाद मुंबई और आसपास के मेट्रोपॉलिटन इलाकों में थोक दूध का भाव 93 से बढ़कर 102 प्रति लीटर हो जाएगा। यह नई कीमत अगले 6 महीने यानी 28 फरवरी 2027 तक लागू रहेगी। एसोसिएशन के मुताबिक, यह हाल के वर्षों में दूध की कीमत में हुई सबसे बड़ी एकमुश्त बढ़ोतरी में से एक है।

दूध की कीमत बढ़ाने के पीछे डेयरी किसानों और तबेला संचालकों ने बढ़ती उत्पादन लागत को मुख्य वजह बताया है। पिछले एक साल में पशुओं के लिए जरूरी हरा चारा, चुनी और खली जैसी चीजों की कीमत लगातार बढ़ी है। इसके अलावा दूध की ढुलाई, पशुओं की देखभाल और तबेले के संचालन का खर्च भी बढ़ गया है। बढ़ती लागत के कारण दूध उत्पादकों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा था। थोक दूध महंगा होने का सीधा असर मुंबई के आम ग्राहकों पर पड़ने की आशंका है। स्थानीय दूध विक्रेता, डेयरी और घर तक दूध पहुंचाने वाले सप्लायर 1 सितंबर से बढ़ी हुई कीमत ग्राहकों से वसूल सकते हैं। कुछ जगहों पर खुदरा कीमत में थोक बढ़ोतरी से थोड़ा ज्यादा इजाफा भी हो सकता है। इसका असर सिर्फ दूध तक सीमित नहीं रहेगा। दूध महंगा होने से दही, पनीर और अन्य डेयरी उत्पादों की कीमतें भी बढ़ सकती हैं। त्योहारी सीजन में दूध की बड़ी खपत होने के कारण मिठाई की दुकानों, बेकरी और खाने-पीने की दुकानों पर भी लागत बढ़ेगी। ऐसे में त्योहारों के दौरान मिठाइयों और दूसरे दूध से बने उत्पादों के दाम बढ़ने की संभावना है।

## घर का आंगन 25 फीट धंसा, गिरकर लड़की की मौत

**कानपुर।** कानपुर में घर का आंगन अचानक धंसने से 25 फीट गहरे गड्ढे में गिरी लड़की को 7 घंटे के ऑपरेशन के बाद बाहर निकाल लिया गया। लेकिन अस्पताल में उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसा शुक्रवार सुबह 6:40 बजे हुआ। रक्षाबंधन पर 18 साल की यशी सविता नहाकर बाथरूम से बाहर निकली थी। जैसे ही उसने अपना एक कदम आंगन की तरफ बढ़ाया, नीचे की जमीन धंस गई। यशी नीचे मौजूद बोरिंग में समा गई। उसे संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे के वक्त घर में सिर्फ बड़ी बहन थी। मां-बाप घर से 200 मीटर दूर भैंस बांधने गए थे। बहन ने देखा तो उसने पहले रस्सी डालकर यशी को निकालने की कोशिश की। इतनी देर में मिट्?टी और धंस गई और लड़की नीचे अंदर चली गई। बहन चीखते हुए घर से बाहर भागी। मां-बाप और पड़ोसियों को बुलाया। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। 35 मिनट बाद पुलिस आई, लेकिन वह बेबस दिखी।

## भागवत न्यूयॉर्क में दुनिया के पहले इस्कॉन मंदिर पहुंचे

### बोले- विश्व में कई तरह के संघर्ष, कृष्ण चेतना से ही शांति आ सकती है

ब्रह्मास्त्र ›› न्यूयॉर्क



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क में दुनिया के पहले इस्कॉन सेंटर का दौरा किया। मंदिर में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज दुनिया में कई तरह के संघर्ष हैं। ऐसे समय में कृष्ण चेतना शांति ला सकती है। उन्होंने कहा कि दुनिया में भले ही अलग-अलग तरह की विविधताएं, मतभेद और संघर्ष हों, लेकिन अगर लोगों को यह समझ आने लगे कि सब कुछ कृष्ण का ही हिस्सा है, तो दुनिया में बेहतर और शांतिपूर्ण माहौल बनाया जा सकता है।

भागवत 26 सेकंड एवेन्यू स्थित उस जगह पर भी पहुंचे, जहां स्वामी प्रभुपाद ने जुलाई 1966 में इस्कॉन की स्थापना की थी। इसे मैचलैस गिफ्ट्स भी कहा जाता है। इस्कॉन इस साल अपनी स्थापना की 60वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस्कॉन के 120 देशों में 1,300 मंदिर हैं।

आरएसएस प्रमुख 25 अगस्त को न्यूयॉर्क पहुंचे थे। वे फरर के 100 साल पूरे होने के मौके पर तीन देशों, अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन दौरे पर हैं। इस दौरान वे भारतीय समुदाय और अलग-अलग संगठनों के कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले हैं।

भागवत 29 अगस्त को न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम आरएसएस के 100 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों का हिस्सा है। अमेरिकन हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग फोरम आयोजक है। कार्यक्रम में भागवत का संबोधन भी होगा। भागवत के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में होने वाले कार्यक्रम का विरोध भी हो रहा है। अमेरिका के कई हिंदू संगठनों समेत 61 इंटरफेथ और धर्मनिरपेक्ष संगठनों ने कार्यक्रम के खिलाफ खुला पत्र जारी किया है। मंगलवार को हिंदूस फॉर ह्यूमन राइट्स, इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल और इंटरफेथ सेंटर ऑफ न्यूयॉर्क समेत कई संगठनों ने न्यूयॉर्क सिटी हॉल के बाहर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इन संगठनों ने कार्यक्रम को रद्द करने की मांग की है। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी भी कार्यक्रम को लेकर अपनी असहमति जता चुके हैं। उन्होंने आरएसएस को बांटने वाली सोच वाला बताया। ममदानी ने कहा कि वह फरर के इस कार्यक्रम का समर्थन नहीं करते।

## भारत को दुनिया की सबसे घातक जैवलिन मिसाइल देगा अमेरिका



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारतीय सेना अमेरिका से जैवलिन एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम खरीद रही है। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने शुक्रवार को बताया कि, इसे खरीदने के लिए भारतीय सेना की ओर से लेटर ऑफ ऑफर एंड एक्सेप्टेंस पर साइन कर दिए गए हैं। जैवलिन एक एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम है। इसे सैनिक कंधे से लॉन्च कर सकते हैं और यह बख्तरबंद वाहनों जैसे लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए बनाया गया है। एक बार दागने के बाद मिसाइल खुद ही थर्मल टेंपरेचर से टारगेट को ढूंढ लेती है और उसे हिट करती है। इमरजेंसी खरीद प्रक्रिया के तहत हुए इस सौदे में 60 जेवलिन मिसाइल सिस्टम खरीदे जाएंगे। इनकी कुल कीमत 292 करोड़ रुपए हो सकती है। इसकी डिलीवरी दिसंबर से शुरू हो सकती है। इसके अलावा, दोनों देश इस मिसाइल सिस्टम को भारत में ही बनाने पर भी काम कर रहे हैं। जेवलिन को अमेरिकी रक्षा कंपनियों लॉकहीड मार्टिन और आरटीएक्स (रेथियॉन) ने बनाया है। इससे भारतीय सेना सीमा पर खासकर कठिन पहाड़ी और मैदानी इलाकों में दुश्मन के बख्तरबंद टैंकों और बंकरों को नेस्तनाबूद कर सकेगी।

भारत 2010 से (यूपीए सरकार) जेवलिन लेने की कोशिश में था, तब सेना के पास 44,000 एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल की कमी थी। 2012 में अमेरिका ने टेक्नोलॉजी ट्रांसफर से मना कर दिया तो डील रुक गई। उस वक्त हम फ्रांस की मिलान और रूस की कॉनकर्स एटीजीएम चला रहे थे।

## कर्नाटक- मंत्री नागेंद्र का दो साल में दूसरी बार इस्तीफा:ऐलान करके रोने लगे

**बेंगलूरू।** कर्नाटक में कांग्रेस नेता बी. नागेंद्र ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। वह दो साल में दूसरी बार मंत्री पद से हट चुके हैं। उन पर वाल्मीकि स्कैम को लेकर दबाव बन रहा था। यह मामला 89 करोड़ रुपए के घोटाले से जुड़ा है। नागेंद्र अगस्त की शुरूआत में ही कैबिनेट में दोबारा शामिल हुए थे, जब डीके शिवकुमार ने मुख्यमंत्री पद संभाला था। इससे पहले 2024 में वह सिद्धारमैया की सरकार में मंत्री थे। मामला कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम में कथित 89 करोड़ रुपये की अनियमितताओं से जुड़ा है। मई 2024 में निगम के अकाउंट्स ऑफिसर पी. चंद्रशेखरन ने आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने एक नोट में फंड के अनधिकृत ट्रांसफर का आरोप लगाया था। जांच में निगम के बैंक खातों से बड़ी रकम दूसरे खातों में ट्रांसफर किए जाने की बात सामने आई थी। नागेंद्र उस समय सिद्धारमैया सरकार में जनजातीय कल्याण मंत्री थे। विवाद के बाद उन्होंने जून 2024 में मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। अब डीके शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने के बाद 3 अगस्त को उन्हें फिर कैबिनेट में शामिल किया गया था। वाल्मीकि निगम मामले को लेकर नागेंद्र और कांग्रेस सरकार पर राजनीतिक दबाव बढ़ गया था। इखढ और खऊर ने मंत्रिमंडल में नागेंद्र की दोबारा एंट्री के बाद से ही उनके इस्तीफे की मांग की थी। विपक्ष का आरोप है कि सरकारी निगम के फंड के कथित डायवर्जन से नागेंद्र का संबंध था। हालिया मानसून सत्र के दौरान दोनों दलों ने विधानसभा के अंदर और बाहर कई प्रदर्शन किए। हंगामे के कारण सत्र तीन दिन पहले ही खत्म कर दिया गया और 24 अगस्त को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।

## ट्रम्प ने झील का नाम बदला:'लेक ओंटारियो' अब 'लेक अमेरिका'

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिगंटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को लेक ओंटारियो का नाम बदलकर लेक अमेरिका करने के आदेश पर साइन किए। आदेश के मुताबिक, 30 दिनों में यह प्रक्रिया पूरी होगी और इसके बाद अमेरिका के सरकारी नक्शों व रिकॉर्ड में नया नाम इस्तेमाल किया जाएगा। ट्रम्प ने इस फैसले की तुलना मैक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी करने से की। उन्होंने मजाक में कहा कि अब अमेरिका के पास एक खाड़ी और एक झील है, शायद आगे अटलांटिक या प्रशांत महासागर का नाम बदलने के बारे में भी सोचना पड़े।

वहीं, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने लेक ओंटारियो का नाम बदलने के फैसले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा- हम जानते हैं अमेरिका नाम बदल रहा है, लेकिन कनाडाई भी जानते हैं कि हकीकत में इसका नाम लेक ओंटारियो ही है। पहले भी, अब भी और हमेशा। कनाडा इस झील को लेक ओंटारियो ही बुलाएगा। लेक ओंटारियो अमेरिका और कनाडा के बीच स्थित पांच बड़ी झीलों में से एक है। इसके एक तरफ न्यूयॉर्क और दूसरी तरफ कनाडा का ओंटारियो प्रांत है। दोनों देशों की सीमा भी इसी झील से होकर गुजरती है।

### ट्रम्प ने कहा था- नाम बदलने पर विचार कर रहा

ट्रम्प ने 25 अगस्त को पहली बार लेक ओंटारियो का नाम बदलने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि अमेरिका का कनाडा के साथ ज्यादा कारोबार होने की उम्मीद नहीं है, इसलिए झील का नाम बदलने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। इसके दो दिन बाद उन्होंने इस फैसले को आधिकारिक बनाने के लिए आदेश पर साइन कर दिए।

ट्रम्प ने अपने आदेश में कहा कि लेक ओंटारियो अमेरिका की अर्थव्यवस्था और विरासत का अहम हिस्सा है। यह व्यापार, जहाजरानी, रक्षा, कृषि और ऊर्जा के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि ग्रेट लेक्स के संरक्षण पर अमेरिका ने पिछले 10 साल में करीब 4 अरब डॉलर यानी 38 हजार करोड़ रुपए खर्च किए हैं। नाम बदलने का फैसला अमेरिका और कनाडा के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव के बीच आया है। हाल ही में अमेरिका ने कनाडा के करीब 20 अरब डॉलर यानी लगभग 1.7 लाख करोड़ रुपए के सामान पर 50% टैरिफ लगाने का फैसला किया है।

## रेडियो खराबी से ट्रम्प का हेलिकॉप्टर विमान के करीब पहुंचा

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिगंटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का हेलिकॉप्टर मरीन वन और एक यात्री विमान के करीब पहुंचने की वजह सामने आई है। जांच के मुताबिक रेडियो संपर्क में आई खराबी के कारण एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स (अळउ) को हेलिकॉप्टर की उड़ान से पहले मिलने वाली जरूरी चेतावनी नहीं मिल पाई।

यह घटना 4 अगस्त को हुई थी। ट्रम्प को लेकर मरीन वन व्हाइट हाउस के पास से उड़ान भर रहा था, तभी रीगन नेशनल एयरपोर्ट से एक यात्री विमान को भी टेकऑफ की मंजूरी मिल गई। हेलिकॉप्टर और विमान कुछ देर के लिए काफी करीब आ गए, लेकिन पायलटों की सतर्कता से टकराव टल गया।

जांच में यह भी सामने आया कि एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स को इस रेडियो खराबी की जानकारी एक हफ्ते पहले ही हो गई थी। इसके बावजूद घटना वाले दिन राष्ट्रपति की सुरक्षा में चूक हुई। जांच में पता चला कि व्हाइट हाउस में चल रहे निर्माण के कारण मरीन वन के उड़ान भरने की जगह बदल दी गई थी। हेलिकॉप्टर ने द एलिप्स से उड़ान भरी थी।

द एलिप्स और रीगन एयरपोर्ट के पास लगे रेडियो रिसीवर के बीच सीधा संपर्क ठीक नहीं था। इसी वजह से हेलिकॉप्टर की रेडियो कॉल कंट्रोल टावर तक सही तरीके से नहीं पहुंच पाई।

### एक हफ्ते पहले मीटिंग में दिक्कत पर चर्चा हुई थी

घटना से पहले 30 जुलाई को मरीन वन के पायलटों और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स की बैठक हुई थी। इसमें तीन मिनट पहले दी जाने वाली फ्लाइट वॉर्निंग के कंट्रोल टावर तक नहीं पहुंचने की बात सामने आई थी।

तब तय किया गया था कि रेडियो संपर्क न होने पर किसी दूसरे विमान या व्यक्ति के जरिए यह सूचना दी जाएगी। 4 अगस्त को पायलटों ने जॉइंट बेस एनाकोस्टिया-बोलिंग के जरिए भी कंट्रोल टावर तक संदेश पहुंचाने की कोशिश की।

## पेपर लीक रोकने के लिए परीक्षा सिस्टम बदलने की तैयारी- नीलेकणि

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

केंद्र सरकार की छह सदस्यीय हाई-पावर्ड टास्क फोर्स ने सार्वजनिक परीक्षाओं में व्यापक सुधार के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, शैक्षणिक संस्थानों और नागरिक संगठनों से भी राय मांगी गई है। इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता वाली यह टास्क फोर्स खास तौर पर एनटीए की परीक्षाओं के संचालन, सुरक्षा, परीक्षा डिजाइन और व्यवस्था में सुधार पर काम कर रही है।

केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय के मुताबिक, टास्क फोर्स का लक्ष्य परीक्षा व्यवस्था को सुरक्षित, पारदर्शी, निष्पक्ष और भविष्य के लिए तैयार बनाना है। इसमें परीक्षा में गड़बड़ी रोकने, संस्थागत व्यवस्था मजबूत करने, तकनीक के इस्तेमाल और छात्रों की परेशानियां कम करने जैसे मुद्दों पर सुझाव लिए जा रहे हैं। सुझाव 13 सितंबर तक अंग्रेजी, हिंदी या क्षेत्रीय भाषाओं में दिए जा सकते हैं। इसके लिए सरकार ने वेबसाइट, फोन, वॉट्सऐप और ईमेल के जरिए सुझाव भेजने की व्यवस्था की है। इन सुझावों के आधार पर टास्क फोर्स सरकार को परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए अपनी सिफारिशें देगी।

केंद्र ने नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता में टास्क फोर्स जुलाई में बनाई थी। इसका गठन जंतर-मंतर पर पेपर लीक के आरोपों और परीक्षा व्यवस्था में बदलाव की मांग को लेकर हुए छात्रों के विरोध के बीच किया गया था। टास्क फोर्स में नीलेकणि के अलावा पूर्व इंटेलिजेंस ब्यूरो निदेशक तपन डेका, पूर्व इसरो चेयरमैन एस. सोमनाथ, मद्रास के निदेशक वी. कामकोटि, पूर्व शिक्षा सचिव अनिता करवाल और लॉजिस्टिक्स विशेषज्ञ अमृत लाल मीणा शामिल हैं। पेपर लीक विवाद के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में शुक्रवार को तीन नए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। आईपीएस अधिकारी रवि कुमार सिंह और आईएएस अधिकारी प्रसन्ना वेंकटेश वी. को निदेशक बनाया गया है। वहीं, आईआरएस अधिकारी अमित समदरिया को संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है।


पश्चिमरेलवे अधिकृतयात्रासु विशेषप्रशिक्षणानां विस्तारं करोति

| रेलयानां क्रमाङ्काः | मूलस्थानकं च गन्तव्यस्थानकं च | प्रस्थानदिवसः | विस्तारः कियत्पर्यन्तम् |
|---|---|---|---|
| 09185 | मुंबई सेन्ट्रल - कानपुर अनवरगज् | रविवारः | 29.11.2026 |
| 09186 | कानपुर अनवरगज् - मुंबई सेन्ट्रल | सोमवारः | 30.11.2026 |
| 09189 | मुंबई सेन्ट्रल - कटिहार | शनिवारः | 14.11.2026 |
| 09190 | कटिहार - मुंबई सेन्ट्रल | मंगलवारः | 17.11.2026 |

- रेलयानक्रमाङ्कौ 09189/09190 उभयतोः मनकनगर - ऐशबाग - मलहौर मार्गेण चालनीयौ भविष्यतः । लखनऊ जंक्शनस्थाने तु ऐशबागस्थाने एव यत्रास्थानं करिष्यतः ।
- रेलयानक्रमाङ्कः 09189 दिनाङ्केषु 19.09.2026, 26.09.2026, 03.10.2026 च 10.10.2026 च रद्दः भविष्यति ।
- रेलयानक्रमाङ्कः 09190 दिनाङ्केषु 22.09.2026, 29.09.2026, 06.10.2026 च 13.10.2026 च रद्दः भविष्यति ।

स्थगनानां, अवस्थानकानां, कालानां च संघटने च विषये विस्तृतजानकारीार्थं यात्रीगणाः अनुगृह्य www.enquiry.indianrail.gov.in इति जालस्थले अवलोकयन्तु ।

- रेलयानक्रमाङ्कयोः 09185 च 09189 च विस्तारयात्राणां आरक्षणं दिनाङ्कात् 30.08.2026 इत्यस्मात् सर्वेषु PRS काउण्टरसु तथा च IRCTC जालस्थले प्रारभ्यते ।
- उक्ताः रेलयानाः विशेषभाडेन सह विशेषरेलयात्राः रूपेण सञ्चालनीयाः ।

पश्चिमरेलवे
wr.indianrailways.gov.in
आस्माकं अनुगच्छन्तु अनुसरणं कुर्वन्तु
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

सर्वेषु आरक्षितटिकटेषु कृपया मूलपरिचयपत्रं वहतुं अनिवार्यम्

■ वर्ष-12 अंक-295 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 29 अगस्त, 2026

## सुभाषितानि

कृते प्रतिकृतं कुर्यात्ताडिते प्रतिताडितम्।
करणेन च तेनैव चुम्बिते प्रतिचुम्बितम्।।

**भावार्थ** : हर क्रिया का उत्तर होना चाहिए। प्रत्येक हिट के लिए एक पारस्परिक लात और प्रत्येक चुंबन के लिए एक ही तर्क के साथ एक पारस्परिक चुंबन।

पृथ्वियां त्रीणि रत्नानि जलमन्नम सुभाषितं।
मूढ़ेः पाधानखंडेषु रत्नसंज्ञा विधीयते।।

**भावार्थ** : पृथ्वी पर तीन रत्न हैं: जल, अन्न और उत्तम वाणी। मूर्ख लोग टुकड़ों को पत्थर का रत्न कहते हैं।

## व्यवहारः पुलिस-अधिकारिणां कर्मचारिणां च मनोबलं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची

एतादृशः व्यवहारः पुलिस-अधिकारिणां, कर्मचारिणां च मनोबलं प्रतिकूलरूपेण प्रभावितं करोति। पुलिसकर्मचारिणः अत्यन्तं समर्पणेन उत्तरदायित्वेन च स्वकर्तव्यं निर्वहन्ति; अतः तेषां प्रति अनादरः व्यवहारः न सह्यते। विधायकस्य विरुद्धं प्राथमिकी पञ्जीकरणं सहितं तत्कालं कार्यवाही अपि कर्तुं संघेन आग्रहः कृतः अस्ति। झारखण्ड पुलिस संघ को लिखित शिकायत बरवड्डा एसएचओ इत्यनेन झारखण्डपुलिससङ्घस्य अध्यक्षाय राँची इत्यस्मै सम्पूर्णघटनायाः विषये लिखितशिकायतां प्रदत्ता अस्ति। शिकायतया आरोपः अस्ति यत् दुर्व्यवहारस्य दूरभाषविनिमयस्य अनन्तरं जयराम महतो स्वसमर्थकैः सह बरवड्डापुलिसस्थानम् आगतः।

## सम्पादकीयम्

### भारत-जापानमैत्रीयां एकः नूतनः अध्यायः

भारत-जापानमैत्रीयां एकः नूतनः अध्यायः प्रौद्योगिक्याः रक्षापर्यन्तं साझेदारी सुदृढा; साझा चुनौती भारतं जापानं च प्रथमवारं आर्थिकसुरक्षा, आपूर्तिशृङ्खला, एआइ, अर्धचालकाः, बायोगैस, महत्त्वपूर्णप्रौद्योगिकी च इत्येतयोः सहकार्यं वर्धयितुं च सह प्रथमवारं संयुक्तरक्षाविकासपरियोजनाय सहमतौ स्तः। राष्ट्रद्वयं नौसैनिकरेडियो-अन्तेना इति अपि विकसितं करिष्यति। ऊर्जासुरक्षां आपूर्तिशृङ्खलां च परितः वर्तमानं अनिश्चिततां दृष्ट्वा विभिन्नक्षेत्रेषु भारत-जापानयोः मध्ये कृताः सम्झौताः भविष्यस्य आवश्यकतानां कृते महत्त्वपूर्णाः सन्ति संयुक्तरक्षासहविकासपरियोजनायाः सम्झौता द्विपक्षीयमैत्रीं नूतनासु ऊर्ध्वतासु उन्नतिं कर्तुं इच्छायाः संकेतं ददाति। वर्धमानाः सम्बन्धाः जापानीनेता सनाए ताकाइची सम्प्रति त्रिदिवसीययात्रायै भारते अस्ति। गत अगस्तमासे पीएम नरेन्द्रमोदी १५ तमे भारत-जापान-वार्षिक-शिखरसम्मेलने भागं ग्रहीतुं टोक्यो-नगरं गतः। द्वयोः राष्ट्रयोः सहकार्यं विविधस्तरयोः निरन्तरं वर्धितम् अस्ति। ताकाइची इत्यस्य भ्रमणकाले अपि परस्परविश्वासः स्पष्टः अस्ति, यत्र पीएम मोदी तां स्वस्य अनुजभगिनी इति सम्बोधितवान्। साझाचुनौत्यः : उभयराष्ट्रैः आर्थिकसुरक्षायाः मार्गचित्रं निर्मितम्, यत् परिवर्तनशीलवैश्विकपरिस्थितेः आलोके आवश्यकता अस्ति।

### सरकारस्य मते पूर्वचिकित्सा अध्ययनेषु प्राप्तानां

# परिणामानां प्रत्यक्षव्याख्या रोगिणां चिकित्सासफलता इति कर्तुं न शक्यते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

सरकारः एतेषां प्रारम्भिकपरिणामानां विषये अपि सावधानतां प्रकटितवान्। आरके-२५१ इत्यस्य परीक्षणं मानवरोगिषु अद्यापि न कृतम्। सरकारस्य मते पूर्वचिकित्सा अध्ययनेषु प्राप्तानां परिणामानां प्रत्यक्षव्याख्या रोगिणां चिकित्सासफलता इति कर्तुं न शक्यते। रोगिषु नूतनस्य औषधस्य उपयोगात् पूर्वं तस्य सुरक्षा, प्रभावशीलता, समुचितमात्रा, सम्भाव्यदुष्प्रभावाः च निर्धारयितुं विस्तृतपरीक्षणस्य आवश्यकता भवति

आरके-२५१ इत्यस्य व्यवहारस्य अध्ययनं जेबरामत्स्यभ्रूणेषु अपि कृतम्। सरकारस्य मते अध्ययनेन विषाक्ततायाः स्पष्टलक्षणं न ज्ञातम्। अध्ययनेन फ्ढर इत्यस्य उपस्थितौ औषधस्य अपेक्षिता प्रतिदीप्तिक्रिया अपि दर्शिता। वैज्ञानिकानां कृते एतत् महत्त्वपूर्णं यत् एतत् सूचयितुं यत् औषधं येषु विशिष्टेषु परिस्थितिषु तस्य निमार्णं कृतम् आसीत् तदनुसारं सक्रियः भवितुम् अर्हति। परन्तु मानवशरीरे अस्य सुरक्षां प्रभावशीलतां च सिद्धयितुं अग्रे अध्ययनं आवश्यकम् अस्ति।

सरकारः अवदत् यत् कर्करोगचिकित्सायां लक्षितौषधानां आवश्यकता वर्धमाना अस्ति यतोहि पारम्परिकचिकित्साविधिषु स्वस्थकोशिकानां क्षतिः रोगिणां कृते महत्त्वपूर्णा आव्हानं भवितुम् अर्हति। यदि कश्चन औषधः कर्करोगकोशिकानां लक्ष्यं अधिकसटीकरूपेण कर्तुं समर्थः भवति तर्हि भविष्यस्य चिकित्सायाः केषाञ्चन दुष्प्रभावानाम् न्यूनीकरणस्य सम्भावनां प्रदातुं शक्नोति।



भारते वर्धमानः कर्करोगभारः अपि एतादृशस्य शोधस्य आवश्यकतां बोधयति। उपलब्धतथ्यानुसारं देशे प्रतिवर्षं १४ लक्षाधिकाः नूतनाः कर्करोगप्रकरणाः, ७,००,००० तः अधिकाः मृत्योः च भवन्ति। स्तनकर्क्कटः, मुखकर्क्कटः, फुफ्फुसकर्क्कटः, गर्भाशयस्य कर्करोगः, मलमूत्रकर्क्कटः च देशस्य प्रमुखकर्क्कटप्रकारेषु अन्यतमाः सन्ति। तम्बाकू-उपयोगः, जीवनशैली, आहार-अभ्यासाः इत्यादयः अनेके कारकाः विविध-कर्क्कट-रोगस्य जोखिमेन सह सम्बद्धाः सन्ति। आरके-२५१ विषये सर्वकारस्य घोषणा तस्मिन् समये अभवत् यदा कर्करोगस्य चिकित्सां अधिकं लक्षितं व्यक्तिगतं च कर्तुं विश्वव्यापीरूपेण शोधं तीव्रगत्या प्रचलति। कर्करोगकोशिकानां जैविकलक्षणानाम् शोषणं कृत्वा औषधं सक्रियीकरणस्य रणनीतिः अस्य व्यापकस्य वैज्ञानिकप्रयासस्य भागः अस्ति।

यद्यपि सम्प्रति रसायनचिकित्सायाः चिकित्सारूपेण अस्य उपयोगः क्रियते तथापि कर्करोगस्य चिकित्सारूपेण अस्य उपयोगः क्रियते। सम्भाव्यविकल्पः इति वक्तुं अतीव प्राक अस्ति। प्रयोगशालायाः पशुअध्ययनस्य च अनन्तरं मानवचिकित्सापरीक्षासु सुरक्षितं प्रभावी च सिद्धं भवति तदा एव नूतनस्य औषधस्य यथार्थं उपयोगिता स्पष्टा भवति। तदनन्तरं नियामक-अनुमोदनं, बृहत्-प्रमाणेन परीक्षणं च भवति। आरके-२५१ इत्यस्य रोगिणां परीक्षणात् पूर्वं अग्रे संशोधनस्य प्रमाणीकरणस्य च आवश्यकता वर्तते इति अपि सर्वकारेण स्पष्टीकृतम्। अतः सम्प्रति एतत सम्भाव्यं नवीनं कर्करोगचिकित्साविधिरूपेण दृश्यते, न तु विद्यमानचिकित्सानां स्थापितविकल्परूपेण। तथापि आरके-२५१ इत्यस्य अद्वितीयं वैशिष्ट्यं कर्करोगकोशिकानां अन्तः उच्चस्तरस्य इत्यस्य आधारेण औषधं सक्रियीकरणस्य रणनीतिः अस्ति।

### भंगेलीगाडस्य समीपे

# सुरक्षाभित्तिस्य एकस्य खण्डस्य पतनस्य अनन्तरं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ देहरादून

भंगेलीगाडस्य समीपे सुरक्षाभित्तिस्य एकस्य खण्डस्य पतनस्य अनन्तरं राज्य आपदाप्रतिक्रियाबलस्य (एसडीआरएफ) निरीक्षणे जाङ्कीचट्टी-यमुनोत्रीमार्गे तीर्थयात्रिकाणां आन्दोलनं निरन्तरं प्रचलति। लोकनिर्माणविभागः क्षतिग्रस्तखण्डस्य पुनर्निर्माणं कुर्वन् अस्ति। अधिकारिणां मते मार्गस्य पूर्णतया पुनर्स्थापनार्थं प्रायः सप्त-अष्टदिनानि यावत् समयः भवितुं शक्नोति। यात्रिकाणां सहायार्थं आपदाप्रतिक्रियाकर्मचारिणः अपि नियोजिताः सन्ति। मोरी तहसिल्-नगरस्य त्रयः ग्रामाः विद्युत्प्रदायः अपि बाधिता अभवत्; यमुनोत्री-फीडरस्य दोषेण एतेषु ग्रामेषु विद्युत् प्राप्तुं न शक्तवती। आपूर्तिपुनर्स्थापनार्थं कार्यं प्रचलति इति अधिकारिणः अवदन्।

इदानीं मौसमविभागेन राज्यस्य अनेकभागेषु अगस्तमासस्य २७ तः सितम्बं १ पर्यन्तं मौसमस्य परिस्थितौ परिवर्तनस्य पूवार्नुमानं कृतम् अस्ति अधिकांशेषु पर्वतीयजिल्हेषु अगस्तमासस्य २७ तः २९ पर्यन्तं वर्षाक्रियाकलापः स्थास्यति, हरिद्वार, उधमसिंहनगर इत्यादिषु मैदानीक्षेत्रेषु केषुचित् स्थानेषु वर्षा भवितुं शक्नोति।

बुधवासरे देहरादूनमण्डले सर्वाधिकं वर्षा चक्रतायां ४५ मिलीमीर्ट यावत् अभवत्। धनौल्टी-नगरे ३७ मि.मी., त्युनी-नगरे १६.२ मि.मी., मसूरी-नगरे ९.५ मि.मी., देहरादूननगरे १.७ मि.मी. पौरी, पिथोरागढ, बागेश्वर इत्यादीनां भागेषु अपि महती वर्षा अभवत्; तथापि राज्यस्य अधिकांशजिल्हेषु सामान्यस्तरात् बहु न्यूनवृष्टिः अभवत्। मौसमविभागेन ३० अगस्ततः सितम्ब १ पर्यन्तं राज्ये अनेकस्थानेषु लघुतः मध्यमवृष्टिः, गरजवृष्टिः च भविष्यति इति पूवार्नुमानं कृतम् अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : लव के मामले में पार्टनर को टाइम देना जरूरी है। अपनी फाइनेंशियल सिचुएशन पर फोकस करें।

**वृषभ** : जंक फूड का ज्यादा सेवन न करें। करियर लाइफ थोड़ी बिजी हो सकती है। खुले दिमाग वाली बातचीत को बढ़ावा दें।

**मिथुन** : शाम में अपने लवर के साथ अच्छा टाइम स्पेंड करेंगे। स्वास्थ्य के मामले में लापरवाही न करें।

**कर्क** : कोई गुड न्यूज भी मिल सकती है। स्ट्रेस फ्री रहने के लिए मेडिटेशन ट्राई करें। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**सिंह** : दयालु, फ्लेक्सिबल और प्रैक्टिकल रहने से आपको काम, रिलेशन और सेल्फ-ग्रोथ में कॉन्फिडेंस मिलेगा।

**कन्या** : थोड़ी देर की एक्सरसाइज आपके लिए अच्छी रहेगी। जॉब में आगे बढ़ने के लिए वर्कप्लेस पर मौकों का इस्तेमाल करें।

**तुला** : काम का प्रेशर ज्यादा फील हो तो कुछ देर के लिए ब्रेक लें। पार्टनर के साथ अनबन हो सकती है।

**वृश्चिक** : अपनी वाणी को मधुर रखें। फालतू का खर्च करने से बचें। परिवार के संग संबंध ठीक रहेंगे।

**धनु** : फाइनेंशियल सिचुएशन पर असर पड़ेगा। अपने खाने-पीने पर ध्यान दें। शुभ समाचार मिल सकता है।

**मकर** : गुस्से को काबू में रखना ही बेहतर रहेगा। परिवार के किसी सदस्य की आर्थिक सहायता करनी पड़ सकती है।

**कुंभ** : अपनी फीलिंग्स को पार्टनर के साथ शेयर करना अच्छा रहता है। आर्थिक जीवन स्टेबल रहेगा।

**मीन** : आज धन लाभ के योग बन रहे हैं। करियर में बैलेंस मेंटेन करके चलें। आपके रिलेशन में कोई बड़ी दिक्कत नहीं आएगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# इन राशि वालों के लिए सितंबर ला रहा है खुशखबरी, शुरू होंगे अच्छे दिन

सितंबर में 4 बड़े ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे। इसका प्रभाव सभी राशियों पर देखने को मिलेगा। हालांकि, कुछ राशि वालों के लिए यह महीना लकी साबित हो सकता है। आइए इनके नाम जानते हैं।

ज्योतिषीय दृष्टि से सितंबर का महीना खास रहने वाला है, क्योंकि इस दौरान 4 बड़े ग्रहों का महत्वपूर्ण गोचर होने जा रहा है। दरअसल, इस महीने 2 सितंबर 2026 को तुला राशि में शुक्र का गोचर होगा, जिससे मालव्य राजयोग बनेगा। इसके बाद 7 सितंबर 2026 को बुध कन्या राशि में प्रवेश करेंगे, जिससे भद्र राजयोग का निर्माण होगा। वहीं, 17 सितंबर 2026 को सूर्य कन्या राशि में गोचर करेंगे, जिससे बुधादित्य योग बनेगा। इसके बाद 18 सितंबर 2026 को मंगल कर्क में प्रवेश करेंगे। ऐसे में ग्रहों के इन महत्वपूर्ण गोचरों का प्रभाव सभी 12 राशियों पर देखने को मिलेगा। हालांकि, कुछ राशि वालों के लिए सितंबर का महीना विशेष रूप से लाभकारी और खुशखबरी लेकर आने वाला साबित हो सकता है। जातकों को करियर, कारोबार और कला के क्षेत्र में विशेष लाभ मिलने की संभावना रहेगी। आइए जानते हैं इन लकी राशियों के बारे में।

**मेष राशि-** मेष राशि वालों को



सितंबर के महीने में विशेष लाभ मिल सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले के मुकाबले काफी बेहतर रहने की संभावना है। आपको अपनी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। प्रमोशन के साथ सैलरी बढ़ने की संभावना भी बन सकती है। करियर में नई जिम्मेदारियां मिलने के साथ तरक्की के अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा और कुछ नए अवसर आपके लिए सफलता के रास्ते खोल सकते हैं। नई तरह की जिम्मेदारी और अवसर मिल सकते है।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों को सफलता मिलने की संभावना रहेगी। नौकरी-कारोबार में आपको अपनी मेहनत का अच्छा परिणाम प्राप्त होगा। पहले किए गए किसी निवेश से फायदा मिलने की संभावना है। कारोबार में नए तरह का विस्तार देखने को मिलेगा। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिलेंगे और आपकी योजनाएं सफल हो सकती हैं। पैतृक संपत्ति की प्राप्ति के योग भी बन सकते हैं, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत हो सकती है। व्यापार की योजनाओं को आगे बढ़ाने के अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

**तुला राशि-** तुला राशि वालों के लिए सितंबर का समय खास रह सकता है। करियर और कारोबार में आपको अच्छा मुनाफा हासिल होने की संभावना है। धन लाभ के साथ-साथ आपके मान-सम्मान में भी वृद्धि के योग बन सकते हैं। आमदनी के लिए नए-नए रास्ते खुलेंगे। लंबे समय से मनपसंद नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है। किसी निवेश से फायदा मिलने की संभावना है। आर्थिक मामलों में भी पहले से बेहतर परिणाम मिलने के संकेत हैं।

### एशियाड में क्रिकेट का शेड्यूल जारी : फाइनल से पहले पाकिस्तान से भिड़ंत संभव नहीं

# भारतीय पुरुष टीम का पहला मैच 28 सितंबर को

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

जापान में होने वाले एशियन गेम्स में क्रिकेट का शेड्यूल जारी हो चुका है। भारतीय पुरुष टीम 28 सितंबर को सीधे क्वार्टरफाइनल में अपना पहला मुकाबला खेलेगी। भारत का मैच किस टीम से होगा, यह अभी तय नहीं है। एशियन गेम्स में 10 पुरुष टीमें हिस्सा ले रही हैं। भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका सीधे क्वार्टर फाइनल खेलेंगे। वहीं अफगानिस्तान सहित 6 टीमें प्रीलिमिनरी राउंड खेलेंगी। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान का मैच तभी संभव है, जब दोनों टीमें फाइनल में पहुंचे। टूर्नामेंट नागोया के पास कोरोगी एथलेटिक पार्क में होगा।

- **भारत का मैच नेपाल या अफगानिस्तान से संभव-** प्रीलिमिनरी राउंड की 6 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया है। अफगानिस्तान, नेपाल और जापान ग्रुप-अ में हैं। वहीं हॉन्गकॉन्ग, मलेशिया और ओमान ग्रुप-इ में शामिल हैं। दोनों ग्रुप की टॉप 2 टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। भारत का मुकाबला ग्रुप-ए की नंबर-2 टीम से होगा। ज्यादा संभावना है कि ग्रुप अ में



अफगानिस्तान टॉप करे। बची 2 टीमें में नेपाल ज्यादा मजबूत नजर आती है।

- **महिला टूर्नामेंट 6 दिन, पुरुष 10 दिन चलेगा-** महिला क्रिकेट टूर्नामेंट 17 से 22 सितंबर तक चलेगा। फाइनल 22 सितंबर को होगा। वहीं पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट 24 सितंबर से 3 अक्टूबर तक चलेगा। इसका फाइनल 3 अक्टूबर को खेला जाएगा।
- **महिला टीम जापान से पहला मैच खेलेगी-** भारत की महिला टीम 18 सितंबर को जापान से पहला मैच खेलेगी। महिला कैटेगरी में सिर्फ 8 टीमें हैं। इसलिए इनके क्वार्टरफाइनल मुकाबले पहले से तय हैं।
- **एशियन गेम्स के लिए भारत के लिए दोनों टीमें घोषित-** भारत एशियन गेम्स के लिए टीम का ऐलान कर चुका है। श्रेयस अय्यर कप्तान और तिलक वर्मा उपकप्तान होंगे। टीम में वैभव सूर्यवंशी को भी शामिल किया गया है। भारतीय महिला की टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर होंगी। वहीं स्मृति मंधाना को उपकप्तान बनाया गया है।

### दोनों टीमों का स्क्वॉड

- **पुरुष टीम:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह।
- **महिला टीम:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी. कमलिनी (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, श्री चरणी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्रेयांका पाटिल, राधा यादव, नंदनी शर्मा।

### क्या पडिक्कल बनेंगे भारत के अगले द्रविड़ या पुजारा, नंबर-3 पर लगातार दो शतक

देवदत्त पडिक्कल ने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में लगातार दो शतक लगाकर भारत के नंबर-3 बल्लेबाज की तलाश को फिलहाल खत्म कर दिया है। उन्होंने गॉल में 167 और कोलंबो में 117 रन की पारियां खेलीं। पडिक्कल ने सीरीज में भारत के लिए सबसे ज्यादा 328 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए। इनमें 123 रन स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ आए। 26 साल के पडिक्कल को चोटिल साई सुदर्शन की जगह टीम में मौका मिला था। लेकिन जिस नंबर-3 पोजिशन पर 2023 में चेतेश्वर पुजारा के बाद लगातार बदलाव होते रहे, वहां पडिक्कल ने सिर्फ तीन पारियों में अपनी दावेदारी मजबूत कर दी है। टेस्ट क्रिकेट में नंबर-3 बल्लेबाज को कई बार ओपनर और मिडिल ऑर्डर दोनों की भूमिका निभानी पड़ती है। इसलिए यह टीम की बल्लेबाजी की सबसे अहम पोजिशन में से एक होती है। राहुल द्रविड़ ने भारत के लिए इस जगह पर 10 हजार से ज्यादा रन बनाए। उनके बाद चेतेश्वर पुजारा ने यह जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने 13 साल में नंबर-3 पर 155 पारियां खेलते हुए 6529 रन बनाए। 11 जून 2023 में पुजारा के आखिरी टेस्ट के बाद भारत ने नंबर-3 पर कुल 7 बल्लेबाजों को आजमाया। शुभमन गिल को सबसे पहले यह पोजिशन मिली। उन्होंने इस नंबर पर 972 रन बनाए। उनके टेस्ट मिस करने पर विराट कोहली और केएल राहुल ने भी इस पोजिशन पर बल्लेबाजी की। लेकिन कोहली के रिटायरमेंट के बाद गिल नंबर-4 पर बैटिंग करने लगे।



# पेनल्टी शूटआउट में बेल्जियम से हारा भारत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत मेंस हॉकी वर्ल्ड कप में शुक्रवार को बेल्जियम से पेनल्टी शूटआउट में हार गया। इसके साथ ही टीम टूर्नामेंट में आठवें स्थान पर रही।

बेल्जियम मैच के आखिरी मिनट तक 3-2 से आगे थी। मैच खत्म होने में 26 सेंकड बाकी थे, तभी भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने इसे गोल में बदलकर मैच को शूटआउट में पहुंचाया, जहां टीम 3-4 से मुकाबला हार गई। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने इस मैच में 2 गोल किए। वे टूनार्मेंट में 8 गोल के साथ भारत के टॉप स्कोरर रहे। अभिषेक ने छठे मिनट में गोल कर भारत को 1-0 की शुरूआती बढ़त दिलाई। हालांकि, बेल्जियम ने शानदार वापसी करते हुए 22वें और 23वें मिनट में दो गोल दागकर 2-1 की बढ़त बना ली। हाफ टाइम के तुरंत बाद 31वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल दागकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद 47वें मिनट में बेल्जियम के डी केरपेल ने गोल कर स्कोर 3-2 कर दिया।

# भारतीय विमेंस हॉकी टीम को 50 लाख रु. का इनाम



ब्रह्मास्त्र ▸▸ एम्सटेलवीन

हॉकी इंडिया ने विमेंस हॉकी टीम को 50 लाख का इनाम देने का ऐलान किया है। गुरुवार को भारत ने वर्ल्ड कप में 52 साल बाद टॉप-5 में जगह बनाई थी। टीम ने नीदरलैंड के एम्सटेलवीन में जर्मनी को 3-1 से हराया था।

इनाम की राशि खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के बीच बांटी जाएगी। टीम के हर खिलाड़ी को 2 लाख, जबकि सपोर्ट स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को 1 लाख मिलेंगे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने टीम के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि 52 साल बाद वर्ल्ड कप में पांचवें स्थान पर रहना भारतीय महिला हॉकी के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। कप्तान सलीमा टेटे की अगुआई में भारत ने क्लासिफिकेशन मैच में वर्ल्ड नंबर-5 जर्मनी को 3-1 से हराया। पहले दो क्वार्टर गोलरहित रहे, लेकिन दूसरे हाफ में भारत ने तीन गोल दागकर मुकाबले पर पकड़ बना ली। इशिका ने 42वें मिनट में पहला गोल किया। इसके बाद नवनीत कौर ने 44वें और 47वें मिनट में लगातार दो गोल कर भारत की बढ़त 3-0 कर दी। जर्मनी की लिन क्रिंग्स ने 58वें मिनट में एक गोल किया, लेकिन भारत ने 3-1 से मुकाबला जीत लिया। वर्ल्ड कप में भारत का इससे पहले सबसे अच्छा प्रदर्शन 1974 में आया था। तब टीम चौथे स्थान पर रही थी।

## खबर एक नजर...

### पारिवारिक विवाद में 2 नाबालिग बहनें घायल, एक भर्ती

**उज्जैन।** छोटी मायापुरी क्षेत्र से शुक्रवार शाम सानिया पिता बाबू रायकवार 16 साल और उसकी छोटी बहन राशि रायकवार 13 साल को चरक अस्पताल लाया गया। दोनों को धारदार हथियार से चोंट लगी थी। राशि का डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दी, सानिया को पेट में गहरी चोंट होने पर उपचार के लिये भर्ती किया गया है। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई है। बताया कि दोनों बहनों के घर में पारिवारिक विवाद हुआ था, जिसमें वह घायल हुई है, लेकिन उन्हे चोंट कैसे लगी यह परिवार स्पष्ट नहीं कर रहा था। पुलिस बयान और जांच के बाद घटना का कारण और दोनों बहनों को घायल करने वाले की जानकारी सामने आ पायेगी।

### पैसे मांगने की बात पर दुकानदार-ग्राहक के बीच मारपीट

**उज्जैन।** कायथा थाना क्षेत्र के मल्हारगढ़ में रमेश पिता गब्बा पंवार 64 साल छोटी किराना दुकान संचालित करता है। देर शाम गांव का रहने वाला गोविंद पिता भैरूलाल बागरी 32 साल दुकान पर पहुंचा और सामान उधार मांगने लगा। रमेश ने पैसे नहीं होने पर दुकान से जाने की बात कहीं। गोविंद ने कल पैसे देने को कहा, इसी दौरान दोनों के बीच विवाद हो गया। गोविंद ने थप्पड़-मुक्कों से पीटकर रमेश को घायल कर दिया। रमेश ने सरिये से गोविंद पर वार किया। दोनों के बीच मारपीट का मामला पुलिस के पास पहुंचा तो क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया। रमेश का कहना था कि पूर्व में भी सामान लेकर गया था और पैसे नहीं दिये थे। इसलिये सामान देने से मना कर दिया था, जिसके चलते उसके द्वारा मारपीट की गई है।

### होटल में हिस्सेदारी को लेकर पिता-पिता में हुआ विवाद

**उज्जैन।** नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के लालगेट के पास होटल कनिष्क का संचालन मांगीलाल पिता सीताराम मंडलोई 70 साल निवासी वृंदावनधाम कालोनी द्वारा किया जाता है। दिन उनका पुत्र पंकज मंडलोई होटल पहुंचा था, जहां दोनों पिता-पुत्र में हिस्सा मांगने पर विवाद हो गया। पिता मांगीलाल ने थाने पहुंचकर पुत्र पंकज के खिलाफ होटल में हिस्सा देने से मना करने पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज करा दिया। पुलिस द्वारा मामला पारिवारिक होने के साथ सीनियर सिटीजन द्वारा की गई शिकायत पर जांच शुरू की गई है।

### खाकचौक पर बुजुर्ग के साथ बदमाश ने की मारपीट

**उज्जैन।** इंदिरानगर शाखा मैदान के पास रहने वाले समाधान पिता मनोहरलाल सोनी 52 साल मंगलनाथ मार्ग स्थित खाकचौक पर दादी दाल-बाटी चूरमा रेस्टोरेंट का संचालन करते है। दोपहर में रेस्टोरेंट पर बदमाश राकेश पहुंचा और शराब पीने के लिये 500 रुपए मांगने लगा। समाधान सोनी ने मना किया तो बदमाश ने गाली-गलौच करते हुये मारपीट की और भाग निकला। चिमनगंज थाना पुलिस ने मामले में बदमाश के खिलाफ अवैध वसूली और मारपीट का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है। शराब के पैसे नहीं देने पर मारपीट का दूसरा मामला तराना थाना पुलिस ने दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गुर्जर ढाबा तोबरीखेड़ा रोड पर चरण पिता गंगाराम गुर्जर 42 साल ग्राम डोबरा का रास्ता 3 से 4 बदमाशों ने रोका और शराब के रुपए मांगे। नहीं देने पर मारपीट की और भाग निकले।

### दोहरे हत्याकांड के आरोपियों को आज पेश करेगी पुलिस

**उज्जैन।** कानीपुरा मार्ग लक्की दरबार ढाबे पर 26-27 अगस्त की रात चाकू मारकर राहुल दरबार और जितेन्द्र उर्फ टम्मू पंवार की हत्या कर दी गई थी। घटनाक्रम में दोनों मृतकों के दो साथी श्रवण राव और पप्पू जाट घायल हो गये थे। पुराने विवाद को लेकर दो गुटों में विवाद सामने आने के बाद चिमनगंज थाना पुलिस ने श्रवण की शिकायत पर हत्या और बलवा का प्रकरण दर्ज कर अर्पित अटल, शक्तिसिंह अटल, राघव बैरागी, संजय परमार, अन्ना उर्फ अनिल कछवाह को हिरासत में ले लिया था। पांचों से पूछताछ कर हमले में शामिल अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ जारी है आज न्यायालय में पेश कर कुछ को रिमांड पर लिया जा सकता है। मामले में पुलिस को सोनू बंजारा की तलाश है, जिसके कई ठिकानों पर दबिश मारी गई है। घटनाक्रम में आरोपियों की संख्या 15 के लगभग पहुंच सकती है।

### दुर्घटना में घायल को इंदौर किया गया रैफर

**उज्जैन।** लालपुर-धतरावदा मार्ग पर बाइक क्रमांक एमपी 13 झेड एक्स 0473 पर सवार इसराइल पिता नियाज पटेल निवासी ग्राम खेत्याखेड़ी को तेजगति से दौड़ती कार ने टक्कर मार दी थी। घायल इसराइल को निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर इंदौर रैफर कर दिया गया। नागझिरी थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 247-3 | 480-0 |
| मेन बाजार | 367-6 | 126-9 |
| मिलन डे | 168-5 | 170-8 |
| मिलन नाइट | 490-3 | 270-9 |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 4 | 0 |

### केन्द्रीय जेल में रक्षाबंधन पर दिखा भाई-बहन का स्नेह

# 1216 बंदियों के कलाई पर सजी राखी, 30 भाई भी पहुंचे जेल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

रक्षाबंधन पर केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में शुक्रवार को भाई-बहन के स्नेह का भावुक करने वाला नजारा दिखाई दिया। कुछ की आंखे नम थी, कुछ निशब्द थी लेकिन रक्षाबंधन का उत्साह चेहरे पर बना हुआ था। जेल परिसर में सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक बहनों ने भाईयों की कलाई पर राखी बांधी।

केन्द्रीय जेल अधीक्षक मनोज कुमार साहू ने बताया कि रक्षाबंधन पर जेल बंदी भी पर्व मना सकेगें। इसको लेकर बहनों के लिये विशेष व्यवस्था की गई थी। रक्षाबंधन पर वर्षो से जारी भाई-बहनों की मुलाकात और कलाई पर राखी बांधने की व्यवस्था की थी। प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक जेल परिसर में भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक पर्व मनाया गया। बहनों को जेल प्रशासन की ओर से स्टील की थाली, राखी, कुमकुम, चावल, फूटा हुआ नारियल, 250 ग्राम मिठाई, एक फल जेल की केंटिन से उपलब्ध कराया गया था। करीब 6 घंटे चले रक्षाबंधन पर्व के दौरान 1216 बंदियों की कलाई पर 3439 बहनों ने रक्षासूत्र बांधा। इस दौरान किसी की आंखे नम थी तो कोई बहन निशब्द रही। सभी बंदियों से उनकी बहनों की 15 मिनट तक मुलाकात भी कराई गई। बहनों ने बंदी भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उपहार के रूप में बुराई त्यागने और अच्छे नागरिक बनने का वचन मांगा। बहनों के साथ 1429 बच्चे भी अपने मामा से मिलने पहुंचे थे। पूरे आयोजन को पारिवारिक माहौल में तय किया गया था। इस दौरान उपजेल अधीक्षक (प्रशासन) जसमनसिंह डावर, परिवीक्षा अधिकारी वनिता तिवारी, सहायक जेल अधीक्षक सुरेश गोयल, प्रवीण कुमार मालवीय, अंतिम बिरला, प्रिंससिंह और जेल स्टॉफ मौजूद था।





### 58 बंदी बहनों से मिले 30 भाई

रक्षाबंधन पर केन्द्रीय जेल में 58 महिला बंदी भी शामिल है, रक्षाबंधन पर उनसे मुलाकात करने और रक्षासूत्र बंधवाने के लिये 30 भाईयों के साथ 36 बहनें पहुंची थी। उन्हे भी जेल नियमों के अनुसार मुलाकात कराई गई। जेल अधीक्षक के अनुसार रक्षाबंधन से पहले नियमों का पालन करने के निर्देश जारी कर दिये गये थे। जिसके चलते जेल आने वाले सभी भाई-बहनों का पंजीयन किया गया और तलाशी के बाद उन्हे परिसर में प्रवेश दिया गया।

### रात 2 बजे मारा चाकू तड़के 5.30 बजे मिली लाश


# दमदमा में महेन्द्रा ट्रेक्टर शोरूम संचालक की हत्या

## हार्न बजाकर साइड मांगने पर हुआ था विवाद, चार आरोपी पुलिस हिरासत में

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

दमदमा जिला पंचायत कार्यालय के पास गुरूवार-शुक्रवार रात महेन्द्रा ट्रेक्टर शोरूम संचालक पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। जान बचाकर अंधेरे में भागे संचालक की कुछ दूरी पर गिरने के बाद मौत हो गई। तड़के 5.30 बजे सर्चिंग में उसकी लाश मिली। विवाद में 2 दोस्त भी घायल हुये है। जो घटनाक्रम के बाद मौके से माधवनगर थाने चले गये थे।

ऋषिनगर में रहने वाला यश पिता विजयनारायण मित्तल 27 साल मूलरूप से तराना का रहने वाला था। वह कृषि उपजमंडी मंडी में महेन्द्रा ट्रेक्टर शोरूम का संचालन करता था। रात 2 बजे कोटक महेन्द्रा लाईफ इंश्योरेंशन में सिनियर मैनेजर अमित पालीवाल दोस्त हिमांशु जोशी, मंगल वर्मा, प्रियांश देवड़ा कार से तरणताल के सामने से गुजरते हुये लक्ष्मीनगर जा रहे थे। तरणताल के पास यश मित्तल और अभय व्यास एक्टीवा गाड़ी से मिले, सभी दोस्त थे। यश ने अपनी एक्टिवा खड़ी की और दोस्तों के साथ कार में सवार होकर दमदमा जिला पंचायत कार्यालय से होकर लक्ष्मीनगर जाने लगे। दमदमा मोड़ पर 7-8 लड़के रास्ते में खड़े थे, जिनकी बाइक बीच में लगी थी। कार में सवार हिमांशु ने हार्न बजाकर लड़कों को बाइक साइड में करने को कहा। इसी बात पर लड़कों ने गाली-गलौच शुरू कर दी। लड़को ने उनकी कार का कांच पत्थर मारकर फोड़ दिया। विवाद बढ़ता देख सभी दोस्त कार से उतरे तो लड़कों ने चाकू खोल लिये और हमला कर दिया। यश के पैर और सीने पर चाकू लगा,वह जान बचाने के लिये भागा, उसके दोस्तों पर पर चाकू-पत्थरों से हमला किया गया। जिसमें मंगल के हाथ पर चाकू लगा और प्रियांश के सिर में पत्थर से चोंट लगी सभी अलग-अलग दिशा में भागे। अमित पालीवाल और उसके दोस्त माधवनगर थाने पहुंचे और पुलिस को घटना बताई। यश दूसरी दिशा में भागा था जिसके चलते वह नहीं मिला उसे चाकू लगे थे। पुलिस यश की तलाश में दमदमा पहुंची और तलाश में सर्चिंग शुरू की। तड़के 5.30 बजे जिला पंचायत गेट के पास फोटोकापी की दुकान के पीछे यश मित्तल खून से लथपथ हालत में मिला उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत होना सामने आया। माधवनगर थाना पुलिस ने अमित पालीवाल की शिकायत पर हत्या की धारा 103(1), 115 (2), 296 (बी), 324 (4), 191 (2), 191 (3), 118 (1), 3 (5) का प्रकरण दर्ज कर लिया।





### आरोपियों के सामने आये नाम, 4 हिरासत में

पुलिस को शिकायत दर्ज कराने वाले दोस्तों ने बताया कि साइड मांगने पर हुये विवाद के दौरान चाकू मारने वालो ने अपने नाम आयुष शर्मा, विजयसिंह ठाकुर, विशाल ठाकुर, सेंटु, आकाश रायकवार, करन, सागर बताये थे और धमकी भरे अंदाज में बोले कि यह दमदमा है, यहां हमारे बारे में पता कर लेना हम कौन है। पुलिस ने नाम सामने आने पर प्रकरण में सभी को नामजद किया, जो दमदमा क्षेत्र के रहने वाले सामने आये। तड़के ही माधवनगर थाना पुलिस ने आरोपियों की तलाश में उनके घरों पर दबिश देना शुरू कर दिया था। कुछ घंटे बाद विजय ठाकुर, करण गाठिया, विशाल ठाकुर, सागर तनोरिया को हिरासत में ले लिया। जिनसे पूछताछ कर उनके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

### परिजन बोले चेन-अंगूठी, पर्स गायब

पोस्टमार्टम के दौरान मृतक यश मित्तल के चाचा प्रवीण मित्तल ने बताया कि यश के गले में पांच तोला वजनी चेन, हाथ में 8 ग्राम की अंगूठी पहनता था, जो नहीं मिली है। उसका पर्स भी गायब है, जिसमें करीब 15 से 18 हजार रुपए रखे हो सकते है। हमला करने वालों ने चेन-अंगूठी और पर्स भी लूट लिया है। इस संबंध में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जायेगा। चाचा प्रवीण का कहना था कि यश ऋषिनगर में भाई-भाभी के साथ रहता था, उसी शादी नहीं हुई थी।


# सगाई टूटने की रंजीश में चाचा के सीने में घोंपा था चाकू

## सेवानिवृत्त चिकित्सक हत्याकांड का खुलासा, एक रिमांड पर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक हत्याकांड की गुत्थी को चार दिनों की मशक्कत के बाद पुलिस ने सुलझा लिया। घटनाक्रम के बाद से भतीजों पर संदेह बना हुआ था, जिनसे लगातार पूछताछ और तकनीकी सक्ष्यों के आधार पर दोनों को हत्या का आरोपी बनाया गया। शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर एक को रिमांड पर लिया गया, दूसरे को जेल भेजा गया है।

23 अगस्त की सुबह घट्टिया थाना क्षेत्र के बस स्टेंड के पास सांवरिया सदन में रहने वाले सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक गजराजसिंह तोमर 70 साल की लाश घर में पलंग पर खून से सनी मिली थी। घटनास्थल पर चाकू पड़ा था, सीने में चाकू के गहरे घाव थे। प्रारंभिक जांच में पता चला था कि भतीजों से जमीन को लेकर 2 दिन पहले विवाद हुआ था और हत्या की धमकी दी गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतक के दो भतीजो विनायक तोमर निवासी घट्टिया और राहुल तोमर ग्राम डाबरी को पूछताछ के लिये हिरासत में ले लिया था। लेकिन दोनों से कुछ स्पष्ट नहीं हो पा रहा था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों पर जांच शुरू की गई तो सामने आया कि विनायक के मोबाइल पर उसकी मंगेतर के परिवार ने 15 से अधिक पन्नों का पत्र भेजा था, जो उन्हे बाय पोस्ट मिला था। जिसमें विनायक की बुराई लिखी गई थी। पुलिस ने उक्त पत्र के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास किया तो हत्या की परतें खुलने लगी। पुलिस के सामने आया कि विनायक को शंका थी कि चाचा ने उसकी सगाई तुडवाने के लिये मंगेतर का पत्र पोस्ट किया था। जमीन को लेकर 2 दिन पहले हुये विवाद में उक्त पत्र को लेकर भी कहासुनी हुई थी। पुलिस ने पत्र को आधार बनाकर और सख्ती से पूछताछ की तो हत्या का खुलासा हो गया। थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि सगाई टूटने की रंजीश और जमीन विवाद में दोनों भतीजों द्वारा साजिश रचकर हत्या को अंजाम दिया गया था। दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से विनायक को रिमांड पर लिया गया है। राहुल को जेल भेजा गया है।



### जमीन नाम करना चाहते थे दोनों

बताया यह भी जा रहा है कि मृतक चिकित्सक की 2 बेटियां है, जिनकी शादी हो चुकी है। एक पुत्र विदेश में है। चिकित्सक के पास 22 बीघा के करीब जमीन है। दोनों भतीजे जमीन भी अपने नाम करना चाहते थे। जिसका लेकर पूर्व में उनके बीच कई बार विवाद हो चुका था। दोनों भतीजों का पूर्व में अपराधिक रिकार्ड भी सामने आया है।

### महीनों बीतने पर भी कोई पलट कर देखने नहीं आता पाईप लाईन डालने के बाद

# शिकायत नहीं तो सिवरेज के लिए खोदे गड्ढों का निवारण भी नहीं

## खोद कर गड्ढों में पाईप के उपर मिट्टी तो डाल दी लेकिन समतल करने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

वर्तमान समय में प्रशासनिक प्रक्रिया के हालात ही ऐसे हो चुके हैं कि बगैर शिकवा शिकायत के कुछ नहीं हो रहा है। ऐसा ही मामला सिवरेज के लिए खोदे जा रहे गड्ढों का भी है। इस काम में भी भेदभाव के हाल कायम हो गए हैं और अब इसे प्रताडना देने की तरह उपयोग किया जाने लगा है। ताजा मामला देवास रोड सर्विस रोड के पेट्रोल पंप से डिवाईन वेली तक पाईप लाईन डालने के लिए सडक खोदने का है।

शहर में पिछले कई वर्षों से सुरसा की तरह हो रहा सिवरेज की लाईन डालने का काम जारी है। नगर निगम इस काम को एक निजी कंपनी से करवा रहा है। वैसे तो इस काम को सालों पहले पूरा हो जाना चाहिए था लेकिन सालों बाद भी यह काम जारी है। अक्सर इस काम को लेकर मात्र कुछ प्रतिशत बचा होना बताया जाता है किंतु काम है कि सालों बाद भी पूरा नहीं हो रहा है। पिछले कई वर्षों से शहर वासी इस काम के कारण प्रताडना की स्थिति में जीवन ज्ञापन कर रहे हैं। देवास रोड पर वीआईपी मार्ग एवं गेस्ट हाउस के बराबर विशाला क्षेत्र की इस सर्विस रोड को खोद दिए जाने से आवागमन में समस्या और गहरा गई है।



- **ट्रेंच खोदी भरी नहीं-** निजी कंपनी ने सिवरेज की लाईन डालने के लिए सर्विस रोड पर खुदाई करीब एक माह पूर्व की थी। यहां बनी आरसीसी रोड को कंपनी ने खोदा और उसमें अपनी पाईप लाईन डाल दी। इस पाईप लाईन को डालने के बाद कंपनी में खुदाई में निकला मटेरियल फिर से ट्रेंच में उलीच दिया । इसमें आरसीसी के मटेरियल को नीचे एवं मिट्टी को उपर उलीचा गया। इससे पूरे क्षेत्र में किचड की स्थिति पानी बरसने के साथ ही गहरा जाती है। डिवाईन वेली के शाप संचालकों को दुकानें चलाने में समस्याओं का सामना करना पड रहा है। खोदी गई ट्रेंच को पूरी तरह से भरकर उसे समतल करते हुए उपर से प्लास्टर नहीं किए जाने के कारण इस रोड के एक साईड का उपयोग न तो पैदल चलने वाले कर पा रहे हैं न हीं वाहनों के निकलने लायक ही एक साईड का उपयोग हो पा रहा है।
- **पेट्रोल पंप ,बैंक सहित कई बडे शाप-** सर्विस रोड के एक और पेट्रोल पंप के साथ बैंक,शो रूम,आवासीय परिसर ,गैराज एवं उसके उपरांत शहर का सबसे महत्वपूर्ण इलेक्ट्रानिक शो रूम और उसके बाद एतिहासिक आवासीय परिसर और कोचिंग क्लास के साथ डिवाईन वेली के तमाम शाप हैं जिनमें प्रति दिन हजारों की संख्या में ग्राहक पहुंचते हैं। ग्राहकों को वाहन रखने के साथ ही इस समस्या से दो चार होना पड रहा है।
- **जिम्मेदार के नंबर हों सार्वजनिक-** दुकानदारों ने कहा कि नगर निगम को इस मामले में शिकायत करने पर वे इसे निजी कंपनी का बताते हैं और निजी कंपनी का कार्यालय कहां है उसके जिम्मेदार कौन हैं यह किसी को जानकारी में नहीं होता है। हाल यह हैं कि समस्या का निदान मिलना मुश्किल हो रहा है। नगर निगम सिवरेज कार्य से जुडे उसके अधिकारियों के नंबर सार्वजनिक करे और इसके साथ ही निजी कंपनी के कार्यालय का पता सहित उसके तमाम जिम्मेदार अधिकारियों के मोबाईल नंबर सार्वजनिक करे जिससे आमजन अपनी समस्या के निदान के लिए खूद ही प्रयास कर शिकायत दर्ज करवा सके। इसी तरह नगर निगम के झोन वार इंजीनियरों एवं जिम्मेदारों के नंबर सार्वजनिक किए जाने चाहिए।
- **महीनों बाद भी प्रेमछाया मार्ग बाधित-** निजी कंपनी के सिवरेज लाईन डालने से शहर के एक आध क्षेत्र में ही समस्या और शिकायत हो ऐसा कतई नहीं है। शहर के अन्यानेक क्षेत्र में इससे परेशानी का हाल कायम है। देवास रोड विशाला क्षेत्र की सर्विस रोड की तरह ही प्रेमछाया से लाल मस्जिद क्षेत्र की सडक पर खुदाई में सिवरेज लाईन डालने के बाद प्रेम छाया परिसर से बहादुरगंज चौराहा तक के मार्ग की ट्रेंच को महीनों बाद भी समतल नहीं किया जा रहा है। वर्तमान में पूरा चौराहा ही आवागमन में परेशानी का सबब बना हुआ है। महीनों बाद भी यहां के हाल नहीं सुधरे हैं। निजी कंपनी यहां पिछले 6 माह में दो से तीन बार खुदाई करते हुए प्रयोग कर चुकी है। लाईन डालने के बाद यहां सडक को समतल करने को लेकर निजी कंपनी का कोई रूझान नहीं है।

### कोई सुनने, देखने वाला नहीं

दुकानदारों से पूछने पर वे बताते हैं कि इस मामले के बडे बूरे हाल हैं। नगर निगम में शिकायत करने के बाद भी कोई सूनने वाला नहीं है। कई बार बोलने पर भी खुदाई के बाद सडक को प्लास्टर कर समतल करवाने को लेकर इनका कोई ध्यान नहीं है। न ही सिवरेज कंपनी का कोई जिम्मेदार ही है जिसे समस्या से अवगत करवाया जा सके।

### वीआईपी मुवमेंट के समय परेशानी

देवास रोड वीआईपी रूप से महत्वपूर्ण है। हेलीपेड से वीआईपी गेस्ट हाउस तक व्यवस्तता की स्थिति में अक्सर रहता है। ऐसे में देवासरोड पर आवागमन करने वालों को इस सर्विस रोड से ऋषिनगर तिराहा पर निकाल कर मार्ग को चालू रखा जाता है। वीआईपी गेस्ट हाउस में वीआईपी मुवमेंट के समय आरटीओ तिराहा से ऋषिनगर तिराहा तक के देवास रोड को बंद रखा जाता है। ऐसे में आवागमन को डायवर्ट करते हुए इस सर्विस रोड से ऋषिनगर एवं आरटीओ चौराहा निकाल दिया जाता है। पिछले एक माह के दौरान कई अवसर ऐसे आए जब देवास रोड पर आवागमन को बंद किया गया तो डायवर्ट की इस सर्विस रोड पर खुदाई को समतल नहीं किए जाने से आवागमन परेशानी दायक और बाधित हुआ है।

### महीनों बाद भी कोई देखने वाला नहीं

डिवाईन वेली एवं क्षेत्र के दुकान संचालकों का कहना है कि खुदाई के समय ही संबंधितों को कहा गया था कि इसे सिवरेज की लाईन डालने के तत्काल बाद बंद करते हुए समतल किया जाना बेहतर होगा। इसके बाद भी ऐसा नहीं किया गया। हालिया स्थिति में भी ट्रेंच की खुदाई के बाद उसे उधड माप बंद तो किया गया है जिससे न तो खुदाई की और वाहन चल पा रहे हैं न हीं पैदल ही आवागमन हो पा रहा है। इस कारण से ऋषिनगर पेट्रोल पंप से लेकर डिवाईन वेली तक के क्षेत्र में आवागमन की परेशानी बनी हुई है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com